CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,551.63
निफ्टी 24,826.20
सोना 97,880
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 28 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## वक्फ एक्ट 1995 को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

### अदालत ने पूछा: इतनी देरी क्यों, इससे जुड़ी याचिकाओं में कर रहे शामिल, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए? सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेड़ा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल -शेष पृष्ठ दो पर

### अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मातृत्व अवकाश के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की उस याचिका पर विचार करेगा, जिसमें उन्होंने अपने बच्चे की देखभाल की छुट्टी की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि अगले सप्ताह इस मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध करें।



### प्रतीक अधिनियम अनुसूची में सावरकर का नाम शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नाम शामिल करने की मांग वाली रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पंकज फडनीस की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन साबित करने में विफल रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 32 को लागू करने के लिए एक शर्त है।

### कोलाबा जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

## कर्ज से दबे दून के एक ही परिवार के 7 लोगों ने पंचकूला में की आत्महत्या


**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।

पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार -शेष पृष्ठ दो पर

**पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए देहरादून से आए थे मृतक**

### देहरादून के कोलागढ़ में कुछ माह पूर्व रहता था मृतक परिवार

**देहरादून-ब्यूरो।** देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त परिवार के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि मृतक प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल का परिवार लगभग 8-9 महीने पूर्व तक कैंट थाना क्षेत्र के कोलागढ़ देहरादून में किराए पर निवास करता था।जिनका मूल रूप से चंडीगढ़ क्षेत्र का होना बताया गया है। वर्तमान में उक्त परिवार देहरादून में निवास नहीं कर रहा था। घटनास्थल से जो वाहन मृतक के पास मिला है, वह मालदेवता देहरादून के गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है। जिनके संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनकी मृतक प्रवीण मित्तल से एनजीओ के काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मृतक पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एनजीओ चलाता था। इसी दौरान मित्रता के चलते गंभीर नेगी ने उक्त वाहन अपने नाम पर फाइनेंस करवाया था। जिसे वर्तमान में मृतक चलाता था।



### ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को जोकर करार दिया

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुन: कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत में 30 करोड़ बुजुर्ग होंगे। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज़ की मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट लोंगेविटी : एक न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं।

### श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) श्री अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी 'अर्चक' के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है।

**प्रधानमंत्री मोदी का 1947 के विभाजन को लेकर छलका दर्द**

## कटनी थी जंजीरें, काट दी गईं भुजाएं

गांधीनगर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। श्री मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और मंगलवार को सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

पीएम मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन उनकी बात मानी नहीं गई। मुजाहिदीन लहू चख गए थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आई, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकसमझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकी भारत भेजे जाते हैं।



**कहा: आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे हम**

**हमने तीन बार युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाई**

### ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे: पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर ही बात की। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है, इसीलिए वो आतंकी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में किया भव्य रोड शो

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को भव्य रोड शो किया। श्री मोदी ने मंगलवार सुबह शानदार रोड शो में खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान राजभवन से महात्मा मंदिर तक विशाल जन समूह उमड़ा और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन किया। रोड शो में बच्चों-बूढ़ों और महिलाओं सहित हजारों लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर तिरंगा लहराकर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते देखा गया। चारों ओर देशभक्ति दिखाई दे रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम मोदी गांधीनगर में एक रोड शो के बाद महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। श्री मोदी ने सोमवार सुबह वडोदरा में रोड शो किया था। जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित हजारों लोगों ने उनके काफिले पर फूल बरसाए और भव्य स्वागत किया था। रोड शो के बाद वह दाहोद के लिए रवाना हो गए थे।

## देश में कोरोना से 11 लोगों की मौत, 1047 एक्टिव केस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे एलएफ.7 ,एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।



**महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पांच मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए**

## अमृतसर में बम विस्फोट संदिग्ध आतंकी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9:30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा कि हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। फॉरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था।

**देश विरोधी तत्वों की खेप निकालने के दौरान हुआ विस्फोट**

## शारदा सिन्हा, कुमदिनी, रजनीकांत लाखिया पद्म विभूषण से सम्मानित

**मरणोपरांत मिला सम्मान**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-2 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर



## लड़ाकू विमानों को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दे दी है। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है।

**सरकार ने उठाया वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम**

## यूपी में 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को राहत

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देश: दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपये का द्वितीय ग्रेड पे

प्रयागराज, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए।

साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवाएं 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रुपये हैं। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रुपये हैं। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200 रुपये हैं। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रुपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रुपये अनुमन्य हैं। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रुपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के हैं। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुए थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए एवं सभी -शेष पृष्ठ दो पर



**इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए: हाईकोर्ट**



## संक्षिप्त समाचार

### दुश्मन फिर से कर सकता है घुसपैठ की कोशिश: आईजी

**जम्मू।** जम्मू फ्रंटियर के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानि. रीक्षक शशांक आनंद ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के कारण हुए नुकसान का बदला लेने की मंशा से घुसपैठ की आशंका है। उन्होंने कहा कि वे सतर्क हैं और सीमाओं पर उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं। आईजी बीएसएफ ने यहां फ्रंटियर मुख्यालय में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि दुश्मन फिर से घुसपैठ की को. शिश और सीमा पार से गोलीबारी कर सकता है, लेकिन जवान पूरी तरह सतर्क हैं और भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह चौकसी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं पर सतर्क हैं और उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं, क्योंकि ऐसी सूचना है कि दुश्मन (पाकिस्तान) फिर से हमला कर सकता है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए भारी नुकसान का बदला लेने के लिए घुसपैठ या सीमा पार से गोलीबारी जैसी योजनाएं बना सकता है। उनके साथ डीआईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी थे, जिन्होंने अपने क्षेत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की निगरानी की और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### पीओके खुद सौंप दे पाक, इसी में उसकी भलाई: अठावले

**फतेहपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत को स्वेच्छा से सौंप देना चाहिए वरना वह एक-एक बूंद पानी और एक-एक रोटी के लिए तरसेगा। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और अखंडता को लेकर सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। देश की राजनीति में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोल. बाला है। उन्होंने विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए जा रहे सवालों पर राजनीति से प्रेरित बताया। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव द्वारा अपने बेटे तेज प्रताप यादव के खिलाफ की गई कार्रवाई को साही ठहराते हुए कहा कि किसी पार्टी में अनुशासन का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### यूपी परिवहन विभाग को मिला एपीआई एक्सेस

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा के लिए एपीआई एक्सेस (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) प्रदान करने की अनुमति दे दी है। यूपी परिवहन विभाग की ओर से मई के प्रथम सप्ताह में चैटबॉट सेवा- 8005441222 नंबर पर शुरू की गई थी। इस चैटबॉट सेवा के माध्यम से नागरिक अब केवल व्हाट्सऐप पर ही संवाद करके वाहन पंजीकरण विवरण, ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं, चालान जानकारी एवं आवे. दन की स्थिति से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे नागरिकों को बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह सेवाएं कहीं से भी और कभी भी प्राप्त की जा सकेंगी। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि नागरिकों की गोपनीयता से जुड़ा कोई भी डेटा साझा नहीं किया जाएगा।

# पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर किया गया याद

**नई दिल्ली।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोदी ने लिखा- हमारे पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। सोनिया गांधी आज सुबह पंडित जवाहरलाल नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' गई और पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शांति वन में इस दौरान पंडित नेहरू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती गांधी भी शामिल हुई।

**■ सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की**

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए पंडित नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। खड़गे ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

# उप्र के जीएसडीपी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो




**■ अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक श्रृंखला क्रम में वित्तीय वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद अनुमान जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी निदेशक अर्थ एवं संख्या सुश्री मालोविका घोषाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला घरेलू उत्पाद अनुमान (डीडीपी) एक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है, जो न केवल राज्य की समग्र आर्थिक स्थिति को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि कौन से जिले आर्थिक विकास में अग्रणी हैं और किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। जारी किए गए वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) अनुमान के आंकड़ों के अनुसार गौतम बुद्ध नगर 2.64 लाख करोड़ रुपए के साथ प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है।

इसके बाद लखनऊ (1.42 लाख करोड़) और गाजियाबाद (1.17 लाख करोड़) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर (10.30 प्रतिशत), लखनऊ (5.53 प्रतिशत), गाजियाबाद (4.57 प्रतिशत), आगरा (3.03 प्रतिशत), कानपुर नगर (3.00 प्रतिशत), प्रयागराज (2.90 प्रतिशत), मेरठ (2.43 प्रतिशत), बरेली (2.23 प्रतिशत), गोरखपुर (2.02 प्रतिशत) एवं वाराणसी (1.99 प्रतिशत) हैं, जो प्रदेश के कुल जीडीपी में 38.00 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। निदेशक अर्थ एवं संख्या ने बताया कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार सभी जनपदों के विकास, राज्य सरकार की दूरदर्शिता, कुशल नीति निर्माणऔर घ्मीनी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। वर्ष 2023. 24 के डीडीपी आँकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि राज्य की आर्थिक वृद्धि प्रदेश के कुछ जनपदों तक केन्द्रित न रहकर सभी जिलों में विस्तारित हो रही है। प्रदेश के सभी जनपदों की वृद्धि दर सकारात्मक रही है एवं 43 जनपदों की वृद्धि दर प्रादेशिक वृद्धि दर से अधिक रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक वृद्धि दर वाले शीर्ष 10 जिले महोबा (23.49 प्रतिशत), चित्रकूट (23. 40 प्रतिशत), बांदा (21.22 प्रतिशत), कासगंज (21.20 प्रतिशत), मैंनपुरी (20.47 प्रतिशत), जालौन (20.10 प्रतिशत), बदायूं (19.93 प्रतिशत), हमीरपुर (19.20 प्रतिशत), सुलतानपुर (18.93 प्रतिशत) एवं अमेठी (18. 77 प्रतिशत) हैं। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखी गई है। गौतम बुद्ध नगर में यह 10.17 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.84 लाख रुपए से कहीं अधिक है। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे जिले भी दो लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 15 जिलों ने एक लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज की है। वर्ष 2023.24 में प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद, हमीरपुर, सोनभद्र, मेरठ, एटा, कानपुर नगर, आगरा एवं झांसी हैं।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंत्रिमंडल की खास बैठक आयोजित की

# पहलगाम से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश

श्रीनगर, वार्ता



**■ यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का है खुला पैगाम: मुख्यमंत्री**

**■ शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे, कश्मीरी लोग दृढ़ता व निडरता से खड़े**

**आतंकवादियों** को कड़ा संदेश देते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल पहलगाम में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आयोजित की और कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का स्पष्ट संदेश है।

पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बरतापूर्वक 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसी के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह विशेष बैठक की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सरकार के गठन के बाद यह पहला मौका है, जब श्रीनगर या जम्मू से अलग किसी स्थान पर मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि हम आतंकवाद के कायराना कृत्यों से भयभीत नहीं हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे। जम्मू-कश्मीर के लोग दृढ़ता, मजबूती और निडरता से खड़े हैं। अब्दुल्ला बुधवार को उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में भी मंत्रियों, प्रशासनिक सचिवों, संभागीय आयुक्तों, विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक पहलगाम और गुलमर्ग में हो रही ये बैठकें जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और सामान्य स्थिति का मजबूत संद. ेश देने तथा घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना और आतंकवादी हमले की निंदा करना था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह बैठक घाटी के लोगों के हौसले का संदेश है। उन्होंने कहा कि चरवाहों की घाटी (पहलगाम) फिर से उभरेगी। पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत चिंतित हैं। इससे पहले भी अब्दुल्ला ने 2009 से 2014 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के करीब मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की थी, जिनमें दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

### फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की कश्मीर आने की अपील



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से कश्मीर आने की अपील करते हुए कहा है कि पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाए गए कदमों से घाटी में सुरक्षा माहौल में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में थे और उन्होंने वहां गोल्फ कोर्स में गोल्फा भी खेला। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब शांति है और सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्र है कि अब डर कम हो रहा है। हमले के बाद बंद पर्यटक स्थल अब खोले जा रहे हैं। स्थिति में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला आज उस समय भी पहलगाम में थे, जब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की थी। गौरतलब है कि पहलगाम के पास बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधिमंडलों की कश्मीर की हाल की यात्रा पर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका बहुत असर होगा। ये प्रतिनिधिमंडल खुद देख रहे हैं कि यहां कितना शांतिपूर्ण माहौल है। जरा इधर-उधर देखिए। देश के कई अन्य हिस्सों की तुलना में यहां का मौसम बहुत बेहतर है। वहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि यहां 20 से 25 डिग्री का सुखद तापमान है। हवा ताजा है, प्रदूषण नहीं है। मैं कहता हूं, खुद आकर देखिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को कश्मीर आने से डरना नहीं चाहिए। तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं, जो लोग डर में जीते हैं, वे पहले ही मर चुके हैं। डरो मत- खुद आकर देखिए। भोलेनाथ आपका इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रोल करके सरकार चला रही भाजपा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



**■ चुनौतियों से निपटने और विदेश नीति में पूरी तरह विफल है भाजपा सरकार: पवन खेड़ा**


कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ट्रोल करके सरकार चला रही है और दबाव में देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था तो भाजपा के लोग इस दौरान भी विभाजन की राजनीति कर रहे थे और नफरत फैलाने के काम में लगे थे। उम्मीद की जा रही थी कि भेदभाव भुलाकर देशहित में काम होगा लेकिन भाजपा सरकार इसके उलट वह काम किया जो पाकिस्तान चाहता है। प्रवक्ता ने कहा कि संकट के समय कांग्रेस ने पूरी तरह से सरकार का साथ दिया। नेता विपक्ष राहुल गांधी अपना विदेशी दौरा छोड़कर स्वदेश लौट आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई और बयान जारी कर कहा कि हम सरकार के हर कदम में साथ हैं। इसके बाद गांधी पहले पहलगाम जाकर घायलों से और स्थानीय लोगों से मिले। हाल ही में पुंछ गए और पाकिस्तान की कायराना फायरिंग से प्रभावित लोगों से भी मिले। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही मौका था, लेकिन सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में अचानक सैनिक कार्रवाई रोकने की घोषणा कर सबको चौंका दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जब भारत किसी स्थिति में विदेशी ताकत के सामने झुक कर निर्णय लेने को मजबूर हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार की विदेश नीति की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के मंत्री सिर्फ डायलॉगबाजी कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार

# जबरदस्त मुनाफावसूली से शेयर बाजार हुआ ढेर

मुंबई, वार्ता



**■ ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका**

राष्ट्रपति डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0. 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई, वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0. 38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.05, जर्मनी का डैक्स 0.80, जापान का निक्केई 0.51 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा, वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।

### बीएसएनएल को लगातार दूसरी तिमाही में हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। यह लगातार दूसरी तिमाही रही है जिसमें बीएसएनएल ने मुनाफा अर्जित किया है। बीएसएनएल ने मंगलवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी उसने 262 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसको 2247 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है जो इससे पिछले वित्त वर्ष में हुए 5370 करोड़ रुपए की तुलना में 58 प्रतिशत कम है। इस प्रकार उसके घाटे में सुधार हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की बढ़त के साथ 3860 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.57 सेंट चढ़कर 49.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ एक्ट....** उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है।

**कर्ज में दबे...** में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे का कारण वित्तीय संकट और कर्ज हो सकता है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम देहरादून जाकर परिवार के रिश्तेदारों से बात करेगी।

**शारदा सिन्हा...**
मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबराय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबराय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगद. ीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

**यूपी में...** याचीगणों की सेवाएं 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अतः पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाए।

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता



**■ राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है: उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूं कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है, जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## राज्यसभा सांसद ने की सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवनवाला में संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में मूलभूत सुविधाओं का विकास के साथ ग्राम पंचायत को सभी विभागीय योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के हर घर में सोलर लाइट लगाने केध्छ लिये उरेडा एवं विद्युत विभाग को पूरा प्राजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि आदर्श ग्राम के हर घर में बिजली का बिल शून्य हो और हर परिवार को इसका लाभ मिले। सांसद ने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ने पर सांसद निधि और सीएसआर फंड से इसकी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सांसद आदर्श ग्रामों में सोलर लाइट के लिए सर्वे कराते हुए एक माह के भीतर इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को भराड़ीसैंण में होगा मुख्य आयोजन

## मुख्यमंत्री धामी, 10 देशों के राजदूत सहित 1 हजार प्रतिभागी होंगे शामिल

**■ भराड़ीसैंण में विधानसभा भवन के परिसर में होगा योग महोत्सव कार्यक्रम**





योग के रूप में भारत ने दुनिया को आरोग्य और स्वस्थ्य रहने का मंत्र दिया है। इसे अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की पहल की है। इसी क्रम में 11वां योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भराड़ीसैंण में आयोजित किया जा रहा है।- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने निर्णय लिया है कि इस बार 21 जून को आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम इस बार, चमोली जनपद स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ 10 देशों के राजदूत शामिल होंगे।

निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रतिवर्ष के तरह इस बार भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम चमोली जनपद में स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ 10 देशों के राज. दूत भी शामिल होंगे, उक्त सभी गणमान्य 20 जून के दोपहर तक भराड़ीसैंण पहुंच जाएंगे। कुल मिलाकर मुख्य आयोजन में एक हजार से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। इसलिए कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए, व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही प्रदेश भर में भी इस दिन 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य स्तर पर मनाया जाएगा।

### गैरसैंण के प्रति सरकार संवेदनशील

भराडीसैंण में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने के फैसला लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने गैरसैंण के प्रति अपनी संवेदनशीलता और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी सोच को अभिव्यक्त किया है। इसके भविष्य में भी दुर्गामी और सकारात्मक असर दिखाई देंगे। क्योंकि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने कई फैसले लिए हैं।

## रिश्वत प्रकरण में बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बर्खास्त

**■ सैनिक कल्याण मंत्री जोशी के निर्देश पर विभाग के सचिव ने आदेश किया जारी ■ कहा - सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध ■ सैनिक कल्याण जैसे संवेदन-शील विभाग में पारदर्शिता और जवाब. देही सर्वोपरि**

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के रिश्वत लेने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग के सचिव को निर्देश जारी करते हुए सम्बंधित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ला (सेवानिवृत्त) को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री के निर्देशों के बाद जिसका बर्खास्तगी का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण जैसे संवेदनशील विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह की किसी भी शिकायत पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई न जाएं। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा आरटीई का लाभ: डॉ. रावत

**■ शिक्षा मंत्री ने कहा - समावेशी शिक्षा के लिए किये जायेंगे विशेष प्रयास**



**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बाल सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए 27 मई को संस्कृत भवन, देहरादून में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि प्रदेश का प्रत्येक बच्चा सुरक्षित, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। साथ ही, यह मंच शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी हितधारकों को एकत्र कर साझा चिंताओं पर संवाद और समाधान का अवसर भी प्रदान कर रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ रावत ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की नींव है।डॉ धन सिंह रावत ने सभी अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज की कार्यशाला में जो भी मुद्दे सामने आए है उन सभी के निवारण हेतु 1 सप्ताह के भीतर बैठक की जाएगी एवं त्वरित सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान डॉ धन सिंह रावत ने राज्य के विभिन्न विद्यालयों के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षा की गुणवत्ता का उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ रावत द्वारा किया ने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि इस कार्यशाला में उठाए गए सुझावों को नीति निर्धारण में प्राथमिकता दी जाएगी।

### शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित किए बिना समाज में न्याय की स्थापना अधूरी: डॉ गीता खन्ना

आयोग की अध्यक्षा डॉ. गीता खन्ना ने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षा को न केवल मौलिक अधिकार, बल्कि सामाजिक न्याय का आधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित किए बिना समाज में न्याय की स्थापना अधूरी है। डॉ. खन्ना ने विद्यालयों में 'राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय चेतना, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा' जैसे समसामयिक मुद्दों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि बच्चों को न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार किया जा सके।उन्होंने 'प्रवेश परीक्षाओं के नाम पर चयन की प्रक्रियाएं, अनाधिकृत कोचिंग संस्थानों, कक्षा 9 और 11 में अनुचित असफलता की घटनाएं और 'विद्यालयों के आस-पास मादक पदार्थों की उपलब्धता जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल सख्त कदम उठाने की बात कही।

# हरदा के इस्तीफे का ऐलान, कांग्रेस में दबाव बनाने की राजनीति : भट्ट



**■ पार्टी में आए सभी भाजपाई, हरीश के साथ तो कांग्रेसी तक नहीं बन पाते ■ वोटर लिस्ट का निरीक्षण कर रहे हैं कार्यकर्ता शीघ्र पर्यवेक्षक भेजेंगे**

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** भाजपा ने पूर्व सीएम हरीश रावत के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान को कांग्रेस पार्टी के अंदर उनकी दबाव की राजनीति करार दिया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, उन्हें तो उम्र बढ़ने और विश्वसनीयता शून्य होने के चलते राजनीति से ही संन्यास ले लेना चाहिए। वहीं पार्टी में शामिल लोगों पर स्पष्ट किया कि हमारे साथ आकर सभी भाजपाई हो जाते है, जबकि हरदा के पास वे कांग्रेसी भी नही बन पाते हैं। वहीं पंचायत चुनाव को लेकर स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ता वोटर लिस्ट का निरीक्षण कर रही है और शीघ्र पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने हरदा के इस्तीफे को कांग्रेस में अंदरूनी राजनैतिक दबाव बनाने की कोशिश बताया। कहा, दरअसल वे इस्तीफे की घोषणा से अपनी पार्टी में सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं। ताकि उनकी पार्टी के लोग उनपर ऐलान वापिस लेने का दबाव बनाए। जबकि सच्चाई तो यह है कि उनकी राजनैतिक विश्वसनीयता और छवि आम जनता में बहुत पहले समाप्त हो गई है। यही वजह है कि लाख मर्तबा मुद्दों को लेकर पाला बदलने से लेकर माफी मांगकर मुकरने तक की उनकी आदत के लोग अभ्यस्त हो गए हैं। जनअदालत ने एक बार नहीं बार बार चुनावों में बुरी तरह नकारा है। वे शायद एकमात्र मुख्यमंत्री होंगे, जिन्हें पद पर रहते एक साथ दो दो सीटों पर चुनाव लड़े और हारे।

ऐसे में उनका चुनाव लड़ने से इनकार करना हजम नहीं हो रहा है। वहीं आज तो जनता ही नहीं, स्वयं उनकी पार्टी भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेती है। उनकी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए कहा, अब उन्हें राजनीति से भी संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने भाजपा में शामिल नेताओं को लेकर हरदा के बयान पर पलटवार कर कहा, जो हमारे पास आ गया वह उसी दिन से भाजपाई हो जाता है, विचार उन्हें करना चाहिए कि अपने ऐसे लोगों को वे कांग्रेसी नहीं बनाए रख सके।

वहीं कटाक्ष किया कि यदि और भी कांग्रेसी बुराई का साथ छोड़कर राज्य और राष्ट्र निर्माण में साथ आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। क्योंकि हमें अपनी पार्टी के विचारों और सिद्धांतों पर पूरा भरोसा है, जो पार्टी में आ गया उसे हम अपना लेते हैं और आने वाला व्यक्ति भी हमारी विचारधारा को आत्मसार कर लेता है।

### कहा -भाजपा पंचायत चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार

पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेशाध्यक्ष कहा कि पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल में पंचायतों की वोटर लिस्ट जारी हुई है उसे पार्टी के कार्यकर्ता चेक कर रहे हैं। और जहां नाम जुड़वाने या हटाने की जरूरत है उसमें कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं। जल्द ही पार्टी पर्यवेक्षकों की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जायेगी और चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाया जाएगा। पार्टी का प्रयास है कि प्रधान से लेकर जिला पंचायत तक संगठन के व्यक्ति को ही चुनाव लड़ाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया, हालांकि पंचायत चुनाव में पार्टी सिंबल नहीं दिया जाता, बावजूद इसके अपने समर्थित उम्मीदारों के दम पर सभी पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुखों की सीटों पर हम जीत दर्ज करेंगे।

# एडीजी ने किया चार धाम यात्रा मार्ग का निरीक्षण

**■ सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन से लेकर पार्किंग तक के लिए दिए दिशा निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को लेकर एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा श्री केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षणध्छ किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन से लेकर पार्किंग तक के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड वी. मुरुगेशन ने श्री केदारनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की गनह समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्री केदारनाथ धाम स्थित नवीन पुलिस चौकी भवन एवं वहाँ की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनके यात्रा अनुभवों की जानकारी ली।दर्शन के लिये प्रारम्भ की गई टोकन काउंटर व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की लाइन प्रबंधन प्रणाली का भी उन्होंने निरीक्षण किया और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर दर्शन के लिये लाइन एवं क्राउड मैनेजमेंट को प्रभावी बनाए रखने के चलते आवश्यक निर्देश जारी किए।इसके बाद एडीजी ने फाटा से सोनप्रयाग तक यात्रा मार्ग' का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात यातायात निरीक्षक से पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण भ्रमण के दौरान श्री केदारनाथ धाम में पुलिस उपाधीक्षक अभिनय चौधरी, चौकी प्रभारी राजीव चौहान तथा सोनप्रयाग में पुलिस उपाधीक्षकगण हर्षवर्द्धनी सुमन, विकास पुण्डीर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत एवं यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# किसानों को दें बारिश से फसलों के नुकसान का मुआवजा: जोशी



**■ कृषि मंत्री ने की प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों का हुए नुकसान के संबंध में समीक्षा**

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों का हुए नुकसान के संबंध में बैठक की।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों से ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान को लेकर विस्तृत जानक. ारी ली। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने नियमित मॉनिटरिंग करने तथा हर दिन की रिपोर्ट मंत्रालय को प्रेषित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को भारत सरकार के मानक के अनुसार शीघ्र कागजी कार्यवाही कर किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा देने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री गणेश जोशी बताया कि प्रदेश में अतिवृष्टि से वर्तमान में अभी तक 5236 हैक्टीयर कृषि भूमि में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस क्षति के क्षेत्रफल मे से आपदा के मानको के अनुसार 33 प्रतिशत से अधिक क्षति का क्षेत्रफल 3358 हेक्टेयर है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा 5236 हेक्टेयर से 1367है० सिंचित और 3358है० असिंचित है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में किसान के साथ खड़ी है और जल्द से जल्द सरकार किसानों की फसल का मुआवजा मानकों का अनुसार दिया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि इस क्षति के क्षेत्रफल में से आपदा के मानको के अनुसार 33 प्रतिशत से अधिक क्षति का क्षेत्रफल 4773 हेक्टेयर है, जिसमें 1387.4 है. सिंचित एवं 3386 है0 असिंचित क्षेत्रफल में नुकसान हुआ है। इस अवसर पर निदेशक कृषि केसी पाठक, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सिंगटाली पुल करेगा गढ़वाल-कुमाऊं के बीच की दूरी को कम: महाराज

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा



कि धामी सरकार ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पौड़ी गढ्वाल के यमकेश्वर के त ह त कौडियाल-व्यास घाट मोटर मार्ग पर 150 मीटर सिंगटाली पुल के निर्माण के लिए 57.12 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह पुल क्षेत्र के निवा. सियों और यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग साबित होगा। लम्बे समय से इस पुल के निर्माण की क्षेत्रवासी मांग कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पुल के शीघ्रता से निर्माण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गंगा नदी पर बनने वाला सिंगटाली पुल गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों को जोड़ने के अलावा दोनों मण्डलों की बीच की दूरी को कम करने और ईधन की बचत भी करेगा। इस पुल के निर्माण से 35 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों की 25 लाख से अधिक आबादी को सीधा लाभ होगा। महाराज ने पिछले कई वर्षों से कुमाऊं को गढ़वाल से जोड़ने वाले सिंगटाली पुल के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुल के बनने के बाद देहरादून से रामनगर की दूरी लगभग 45 किमी कम हो जाएगी साथ ही द्वारीखाल, यमकेश्वर ब्लॉक गंगाघाटी क्षेत्र में पर्यटन की बयार बहेगी और रोजगार के रास्ते खुलेंगे।

# विकसित भारत 2047 के संकल्प के लिए लक्ष्य बनाकर करें काम: वर्धन



**■ विकसित ग्राम, शहर व विकसित जनपद की तर्ज पर करना होगा काम ■ शासी परिषद में प्रधानमंत्री मोदी की मुख्य बातों पर किया ध्यानाकर्षित ■ सचिव समिति में अफसरों को मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने दिए टिप्स**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गवर्निंग काउंसिल की दिल्ली में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की मुख्य बातों पर ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा है कि विकसित भारत 2047 के लिए विक. सित ग्राम, विकसित शहर, विकसित जनपद की तर्ज पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी जनपदों द्वारा अपना प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अगले 10 वर्षों के लिए भी सभी जनपदों द्वारा अपने लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सभी जनपदों के जिलाधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक राज्य को एक स्थान को चिन्हित कर उसे वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना होगा। इस दिशा में कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात बढ़ाने के साथ ही, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया जाए। इसके लिए उद्योग विभाग द्वारा योजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी संचालित सदी है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में वैदिक गणित को भी बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए उच्च शिक्षा, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा द्वारा मिलकर वैदिक गणित के क्षेत्र में कार्य किया जाए। उन्होंने पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनपद अपने दीर्घकालिक एवं लेगेसी मुद्दों को चिन्हित कर संबंधित विभागों को भेजें।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश कुमार झा, राधिका झा, दिलीप जावलकर, रविनाथ रमन, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, चंद्रेश कुमार यादव, दीपक रावत, डॉ. वी. षणमुगम, डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ. नीरज खैरवाल, विनय शंकर पाण्डेय, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार सुमन, रणवीर सिंह चौहान एवं युगल किशोर पंत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी की बुलेट के साथ गिरफ्तार

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया।विधि विवादित किशोर के कब्जे से चोरी हुई बुलेट मोटरसाईकिल बरामद हुई। राजराजेश्वरी पुरम नहर वाली रोड़ मियांवाला निवसी अमित जुयाल पुत्र आनन्द मणी जुयाल कि कुछ दिन पूर्व ओम स्पोर्ट्स एण्ड बैडमिंटन एकेडमी की पार्किंग से रॉयल एनफील्ड बुलेट चोरी हो गई थी जिसके बाद पीड़ित ने रायपुर थाने में शिकायती पत्र देकर अज्ञात वाहन चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को बरामद कर एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया।

# यूपीईएस व भारतीय नौसेना के बीच हुआ ऐतिहासिक समझौता

**■ नौसैनिक कर्मियों और उनके परिवारों को मिलेगा शिक्षा का लाभ**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस विश्वविद्यालय ने भारतीय नौसेना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य नौसैनिक कर्मियों और उनके परिवारों को शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना है। इस समझौते पर नौसेना वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी, कमोडोर एसएम उरूज अथर (कमोडोर, नेवल एजुकेशन) और यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदान ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता भारतीय सेना और वायुसेना के साथ यूपीईएस के पूर्व सहयोगों की श्रृंखला का हिस्सा है और देश की रक्षा सेनाओं के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस साझेदारी के तहत यूपीईएस नौसेना के सेवा में कार्यरत और सेवा. निवृत्त कर्मियों, उनके जीवनसाथियों और बच्चों को कई तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों की सुविधा देगा। यह सुविधा उन परिवारों के लिए भी उपलब्ध होगी जिनके सदस्य ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार्यक्रमों में फुल-टाइम ऑन-कैंपस अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स, कामकाजी पेशेवरों के लिए पार्ट-टाइम पीएचडी और प्रबंधन, विधि, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में लचीले ऑनलाइन पाठ्यक्रम शामिल होंगे। साथ ही, इस सहयोग में संयुक्त शोध गतिविधियां और प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी शामिल होंगे। इस अवसर पर नौसेना वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी ने कहा, 'यूपीईएस के साथ यह सहयोग हमारे नौसैनिक समुदाय के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नए द्वार खोलने वाला कदम है। इससे न केवल हमारे सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों बल्कि उनके परिवारों और विशेष रूप से वीर नारियों एवं उनके बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

यूपीईएस के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य भरत खरबंदा ने कहा, यह साझेदारी भारतीय नौसेना के समर्पण और साहस के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है। हमें गर्व है कि हम अपनी शैक्षणिक क्षमताओं को राष्ट्र की सेवा करने वालों के लिए समर्पित कर पा रहे हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय, मेरिट के आधार पर नौसैनिक कर्मियों के बच्चों को छात्रवृत्ति देगा, बशर्ते वे तय समयसीमा में दाखिला लें और शैक्षणिक योग्यता को पूरा करें। ऑनलाइन कोर्सेज में दाखिला लेने वाले नौसैनिक कर्मियों को 20 प्रतिशत फीस में छूट और पात्रता मानदंड में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

जिनके पास प्रासंगिक कार्य अनुभव है, उनके प्रोजेक्ट वर्क की जगह वाइवा आधारित मूल्यांकन किया जा सकता है। छात्रों को वीकेंड लाइव कक्षाओं और रिकॉर्डेड सेशनों की सुविधा भी मिलेगी। ऑनलाइन परीक्षाएं दूरस्थ रूप से भी दी जा सकेंगी, जिससे देश-विदेश के प्रतिभागी इसका लाभ उठा सकेंगे। जो नौसैनिक कर्मी पार्ट-टाइम पीएचडी करना चाहते हैं, उन्हें प्रति सेमेस्टर 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्हें यूपीईएस की ई-लाइब्रेरी की सीमित अवधि तक पहुँच भी दी जाएगी और अकाद. मिक दौरे के समय अतिथि गृह में ठहरने की सुविधा (उपलब्धता के अनुसार) मिल सकती है। यह समझौता भारतीय नौसेना की जरूरतों के अनुसार एयरोनॉटिक्स, इंजीनियरिंग, विज्ञान, लॉजिस्टिक्स, प्रबंधन और विधि जैसे क्षेत्रों में आगे के शोध और अकादमिक सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यूपीईएस नेतृत्व विकास कार्यक्रम, ज्ञान आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान के जरिए नौसेना की रणनीतिक प्राथमिकताओं में योगदान देगा।

# तहसील दिवस : 86 शिकायतें दर्ज, डीएम ने दिए निस्तारण के निर्देश

■ जिलाधिकारी ने बड़कोट तहसील में सुनी जनसमस्याएं, प्रतिकर, विद्युत आपूर्ति एवं सड़कों की मरम्मत संबंधी शिकायतों के मामले रहे छाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़्घकोट/उत्तरकाशी**, 27 मई : बड़कोट तहसील दिवस में भूमि प्रतिकर, विद्युत आपूर्ति एवं सड़कों की मरम्मत संबंधी शिकायतों के मामले छाये रहे हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजित किया गया जिसमें 86 समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज हुई। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों एवं समस्याओं का अधिकारियों की उपस्थिति में मौके पर ही निस्तारण किया है।

बड़कोट में आयोजित तहसील दिवस में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराई। तथा अधिकारियों से सीधा संवाद किया। तहसील दिवस में सड़क, बिजली, पानी, प्रतिकर, गौशाला,



सिंचाई नहर, संपर्क मार्ग आदि को लेकर 86 समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज हुई। कुछ ऐसी समस्याएं, जो शासन स्तर से संबंधित थी, उनके निस्तारण की प्रक्रिया एक पक्ष में पूर्ण करते हुए संबंधित शिकायतकर्ताओं को भी सूचित करने के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में विभिन्न गांवों से आए ग्रामीण फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रमुखता से रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई को लंबित सभी सड़क मार्गों का प्रतिकर किसानों को प्राथमिकता के आधार पर आगामी 15 दिन के भीतर वितरित करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए।

वृजमोहन सिंह रावत द्वारा खिमोत्री बडियार क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर के खराब होने एवं एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत की गई।

इस पर जिलाधिकारी ने यूपीसीएल के ईई को तत्काल ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सिंचाई गूलों व संपर्क मार्गों की समस्याओं पर जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को जनपद में क्षतिग्रस्त सिंचाई संरचनाओं का सर्वेक्षण कराने तथा परियोजना निदेशक को संपर्क मार्गों के लिए सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि योजनाबद्ध ढंग से कार्य शुरू किया जा सके।

तहसील दिवस में प्रभागीय वनाधिकारी यमुनाघाटी रविन्द्र पुंडीर, एसडीएम बृजेश कुमार तिवारी, सीएमओ डॉ.बीएस रावत, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी सचिन कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, सीओ देवेंद्र सिंह नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी सन्तोष कुमार भट्ट, अधिशासी अभियंता जल निगम मधुसूधन कोठियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महेंद्र भट्ट ने उपराडी में बाबा बौख नाग मंदिर को दी पांच लाख की निधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** राज्य सभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बाबा बौख नाग देवता मंदिर सौंदर्यकरण के लिए पांच लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।

मामले की जानकारी देते हुए उपराड़ी गांव निवासी एवं प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा चण्डी प्रसाद बेलवाल ने बताया कि राज्य सभा सांसद श्री भट्ट ने देवभूमि देवी देवताओं की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बाबा बौख नाग मंदिर सौंदर्यकरण उपराडी में अपनी सांसद निधि से 5 लाख रुपए की धनराशि दी है । बात दें कि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री चंडी प्रसाद बेलवाल के आग्रह पर राज्य राज्य सभा सांसद को 13 अगस्त 2024 को उपराडीः गांव में मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पहुंचे



थे । बता दे कि बाबा बौख नाग वही देव जिनके आशीर्वाद से तीन दिन के भीतर सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूर सकुशल बाहर निकले थे, कई चमत्कार बाबा के इतिहास में विख्यात है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा चण्डी प्रसाद बेलवाल, शिव प्रसाद चमोली पूर्व डी आई जी, डॉ श्रीनन्द उनियाल सूर्या हॉस्पिटल, मुंशीराम बेलवाल, एडवोकेट ममलेस सेमवाल, बालकृष्ण बेलवाल, इंजीनियर हरिनंद उनियाल, राधेश्याम डोभाल, कन्हैया बेलवाल एसडीओ वन विभाग, चन्द्र मोहन बेलवाल, जगत. राम बेलवाल, भरतमणि बेलवाल, मदन मोहन बेलवाल, रामकृष्ण बेलवाल, महिपाल रावत, पृथ्वी पाल रावत, कैलाश बंधानी, मनोज बंधानी, शांति प्रसाद बेलवाल, दिनेश डिमरी, बिचित्रमणि बेलवाल, रामभरोसा बेलवाल, आदि ग्रामवा. सियों ने राज्य सभा सांसद का आभार जताया है।

## 11.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी लोकेश्वर सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्र मोहन सिंह, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार व प्रभारी सीआईयू उपनिरीक्षक जयपाल चौहान के नेतृत्व में कोटद्वार पुलिस व सीआईयू टीम द्वारा कोटद्वार क्षेत्र में संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान जखणी कीर्ति नगर टिहरी निवासी सुनील रावत उर्फ सैम पुत्र सुरेश सिंह को वंडर सीमेंट के गोदाम के पास से 11.30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

# टिहरी में दर्दनाक सड़क हादसा, चार की मौत

■ बढ़ियारगढ़ मार्ग पर खाई में गिरी कार, सभी मृतक एक ही क्षेत्र के निवासी
अनियंत्रित कार 40 मीटर गहरी खाई में गिरी, प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जिले में सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे ने चार परिवारों को गमगीन कर दिया। कीर्तिनगर-बढ़ियारगढ़ मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 40 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे कार में सवार चारों व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी, जिसके बाद राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार बढ़ियारगढ़ से मालगड्डी की ओर जा रही थी। वाहन जैसे ही गांव के पास पहुंचा, चालक नियंत्रण खो बैठा और कार गहरी खाई में समा गई। कार में



सवार चारों व्यक्ति स्थानीय निवासी थे और किसी कार्यवश गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण सबसे पहले मौके पर पहुंचे और तत्परता से प्रशासन को सूचित किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए तहसील प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। खाई से घायलों को निकालकर बेस चिकित्सालय श्रीकोट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 68 वर्षीय दर्शन सिंह पुत्र हरि सिंह, 70 वर्षीय धर्म सिंह असवाल पुत्र पीतांबर असवाल, 65 वर्षीय कर्ण सिंह पंवार पुत्र राम सिंह और 65 वर्षीय राजेंद्र सिंह पंवार पुत्र जीत सिंह पंवार के रूप में हुई है। सभी मृतक मालगड्डी व आसपास के क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।

कीर्तिनगर तहसीलदार प्रदीप कंडारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हादसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रभावित परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है। कोतवाली कीर्तिनगर के प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि कार गांव के पास ही खाई में गिरी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह अंदेशा जताया जा रहा है कि चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह दुखद हादसा घटित हुआ।

स्थानीय प्रशासन द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है और आगे की कार्यवाही जारी है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और ग्रामीणों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## एक नजर .......

### स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रद्द किए जाने की मांग



**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त विकास संगठन श्रीनगर ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया है। मंगलवार को स्मार्ट मीटर हटवाने को लेकर अवकाश प्राप्त विकास संगठन के सदस्यों ने विद्युत विभाग वितरण खंड के अधिक्षण अभियन्ता रवि कुमार राजौरी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए संगठन के संरक्षक विमल बहुगुणा, अध्यक्ष गणेश प्रसाद टम्टा, उपाध्यक्ष सुरेश मैठाणी, मीडिया प्रभारी दीनबंधु सिंह चौहान ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाकर आमजनमानस को परेशानी में डालने के साथ ही उनकी जेबों में डाका डालने का काम किया है। उन्होंने जनहित को देखते हुए सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रद्द किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद नौडियाल, मोहन, भगवती प्रसाद पुरी, दया राम पुरी, राजेंद्र जोशी सहित आदि मौजूद थे।

### घोड़े-खच्चरों को आवारा छोड़े रखने पर होगी कार्रवाई

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में आवारा घूम रहे घोड़े- खच्चरों से यातायात में उत्पन्न हो रही समस्या पर महापौर आरती भंडारी ने संचालकों के लिये निर्देश जारी किये हैं। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि जनता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कई बार घोड़ा खच्चर संचालक अपने जानवरों से काम करवाने के बाद उन्हें सड़कों पर छोड़ देते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कहा कि सभी पशु मालिकों द्वारा दो दिन के भीतर अपने पशुओं को ठिकानों पर रखा जाय अन्यथा आवारा घूमते पाए जाने की दिशा में घोड़ा -खच्चरों को जब्त किया जायेगा, जिनकी बाद में नीलामी की जाएगी। मेयर ने कहा कि किसी पशु का मालिक चिन्हित पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### षिक्षकों को विभाग के आदेषों का पालन कराने की मांग

**श्रीनगर।** आरटीई और आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर उत्तराखंड में कार्यरत प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के शिक्षक एवं शिक्षकाओ को कार्य स्थल से 8 किलोमीटर भीतर रहने के आदेश एवं निर्देश लागू करवाने की मांग की है। ईमेल के माध्यम से भेजे ज्ञापन में कुशलानाथ ने कहा कि सुगम स्कूलों में अधिकतर अध्यापक एवं अध्यापिकाएं रोज स्कूल में औसतन 40 से 80 किलोमीटर से अधिक आना जाना करते हैं। जिसके कारण शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है एवं विभागीय के आदेशों का भी उल्लंघन हो रहा है। कहा कि जबकि विभाग में स्पष्ट आदेश है कि सरकारी कर्मचारी कार्य स्थल से 8 किलोमीटर के भीतर अपना निवास स्थल बनाना होगा, लेकिन शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा अन्य विभागीय के कर्मचारी भी इस आदेश पर अमल नहीं कर रहें है। उन्होने मुख्यमंत्री से जनहित में समस्त सरकारी कर्मचारी एवं शिक्षक शिक्षकाओ को 8 किलोमीटर के भीतर रहने के आदेश एवं निर्देश देने की मांग की है।

### एससी, एसटी और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क टंकण प्रशिक्षण

नई टिहरी। जिला सेवायोजन कार्यालय टिहरी गढ़वाल के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र, नई टिहरी में जुलाई से दिसंबर तक टंकण व्यवसाय हेतु छह माह का निशुल्क प्रशिक्षण सत्र संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का लाभ विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में चयनित अभ्यर्थियों को सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर शिक्षा और ग्रुप श्सीश् प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों का भी निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। टंकण व्यवसाय के इस कोर्स में अधिकतम 33 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन के लिए यह अनिवार्य है कि इच्छुक अभ्यर्थी इंटरमीडिएट परीक्षा में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण हों। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 01 जून से 10 जून तक किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, टिहरी गढ़वाल से निःशुल्क प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। यह प्रशिक्षण योजना न केवल युवाओं को व्यावसायिक दक्षता प्रदान करेगी, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी उपयोगी साबित होगी, जिससे वे सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

### नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**कोटद्वार ।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61 वीं पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐश्वर्य एवं वैभवपूर्ण जीवन शैली के साथ विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी उन्होंने सभी सुविधाओं को त्याग कर असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के दौरान वे कांग्रेस अध्यक्ष बने। कहा कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में जब देश के सामने गरीबी और राष्ट्रीय अखंडता को बचाए रखने की चुनौती थी तब भी उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने विश्व पटल पर अपनेऊ राजनीतिक प्रभाव का लोहा मनवाते हुए उपनिवेशवाद की समाप्ति, कोरियाई युद्ध का अंत, स्वेज नहर विवाद, कांगो समझौता आदि अंतर्राष्ट्रीय मामलों में प्रभावशाली मध्यस्थता की भूमिका निभाई। कहा कि देश के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

# बौराड़ी स्टेडियम में जलभराव पर कांग्रेस का हल्ला बोल

■ बारिश से बदहाल हुआ खेल मैदान, कांग्रेसियों ने जनप्रतिनिधियों पर साधा निशाना
रामलीला आयोजन भी हुआ प्रभावित, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तेज बारिश के बाद बौराड़ी स्टेडियम में हुए भारी जलभराव को लेकर जनपद के कांग्रेस नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि वर्तमान जनप्रतिनिधियों की लापरवाही और नगर पालिका की उदासीनता के कारण यह खेल मैदान बदहाली की कगार पर पहुंच गया है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि इस एकमात्र खेल मैदान की दशा सुधरने के बजाय और बिगड़ती जा रही है, जिससे न केवल खिलाड़ियों को, बल्कि सांस्कृतिक आयोजनों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बौराड़ी स्टेडियम में जल निकासी की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है और हर वर्ष बारिश में मैदान जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे स्टेडियम की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब बजट आवंटन का समय आता है, तब विधायक और सांसद इस बुनियादी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं देते। नगर पालिका को करोड़ों रुपये का बजट मिलता है, लेकिन खेल मैदान के लिए कोई समर्पित योजना या कार्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि बौराड़ी स्टेडियम की उपेक्षा का असर रामलीला जैसे ऐतिहासिक आयोजनों पर भी पड़ा है। जलभराव के कारण रामलीला समिति को कार्यक्रमों में भी बदलाव करने पड़े हैं।

रामलीला के आयोजकों ने जलमग्न स्टेडियम की स्थिति को सांकेतिक रूप से प्रदर्शित करते हुए राम-केवट संवाद का मंचन स्टेडियम में नाव चलाकर किया, जो मंगलवार रात की रामलीला का प्रमुख दृश्य है। यह दृश्य दर्शकों के लिए एक मार्मिक सच्चाई बनकर सामने आया, जिसने खेल मैदान की बदहाली की ओर सभी का ध्यान खींचा।

खेल मैदान को लेकर आक्रोश व्यक्त करने वालों में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला, पीसीसी सदस्य मुशर्रफ अली, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार, आईटी सेल अध्यक्ष मुर्तजा बेग और गबर सिंह रावत शामिल रहे। इन सभी ने एक स्वर में कहा कि अब और चुप नहीं बैठा जाएगा, और यदि हालात नहीं सुधरे तो जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# सड़कों के निर्माण की गढवाल सांसद ने ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर**।चमोली जनपद के संचार विहीन क्षेत्रों में संचार बहाली के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर गढवाल सांसद अनिल बलूनी जिलाधिकारी संदीप तिवारी से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दूरभाष से जिलाधिकारी से वार्ता कर जानकारी लेते हुए संचार सेवा के विस्तार को लेकर किए जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनपद में प्रस्तावित पहुंच मार्गों के निर्माण को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गढवाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि चमोली जनपद के 9 स्थानों अनुसूया, गौणा चक धामकुमाला, हुडंग लग्गा सैंजी, भ्यूंडार, द्रोणागिरी, पांग चक लाता, सकंड, टोपिडूंगा, गरपक में ग्रामीणों की सुविधा के लिए संचार सेवा का विस्तार किया जाना है।

इन स्थानों पर संचार सेवा के विस्तार के लिए बीएसएनएल की ओर से टावरों को स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसे लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई करते हुए टावर स्थापित कर सभी स्थानों संचार सेवा सुचारू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जनपद में स्वीकृत पहुंच मार्गों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए शीघ्र निर्माण कार्य करवाने की भी बात कही।

उन्होंने जनपद में संचार सेवा विस्तार और पहुंच मार्ग निर्माण के कार्यों को शीघ्र करवाते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# उद्योगपतियों ने किया विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** सिडकुल सिगड्डी में कार्यरत कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं स्वामियों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण से उनके नींबूचौड़ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सभी उद्योगपतियों ने कोटद्वार-भाबर को जोड़ने वाले मालन पुल के निर्माण हेतु विधानसभा अध्यक्ष का आभार प्रकट किया ।उद्योगपतियों ने बताया कि मालन पुल का निर्माण कोटद्वार क्षेत्रवासियों के साथ-साथ सिडकुल सिगड्डी में कार्यरत कंपनियों एवं श्रमिकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पुल के चालू हो जाने से परिवहन व्यवस्था सुगम होगी, माल आवागमन में सहूलियत मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने इस अवसर पर कहा कि सिडकुल में स्थापित कंपनियों को स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2022 में सिडकुल सिगड्डी में कुल 52 कंपनियां कार्यरत थीं, जबकि वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 89 हो चुकी है। इस तेज वृद्धि के पीछे कोटद्वार क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था, निवेश के अनुकूल वातावरण एवं प्रशासन का सकारात्मक सहयोग रहा है। उन्होंने सिडकुल प्रशासन को परिसर में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही, कंपनियों से यह भी आग्रह किया कि वे स्थानीय विद्यालयों में सेमिनार आयोजित कर बच्चों को उद्योग एवं स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करें, जिससे आने वाली पीढ़ी नौकरी की अपेक्षा उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सके।

# तेज बारिश से मोलधार वाल्मिकी कॉलोनी में मची तबाही

■ ड्रेनेज फेल होने से 29 सफाईकर्मियों के घरों में घुसा पानी, पांच परिवारों को राहत केंद्र में किया गया शिफ्ट, केंद्रीय विद्यालय का पुश्ता ढहा, रामलीला आयोजन भी हुआ प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मंगलवार तड़के हुई भारी बारिश ने नई टिहरी की मौलधार स्थित वाल्मिकी कॉलोनी में तबाही मचा दी। ड्रेनेज सिस्टम फेल हो जाने के कारण तेज बारिश का पानी सीधे कॉलोनी में घुस गया, जिससे वहां रह रहे 29 सफाईकर्मियों के घरों में मलबा और पानी भर गया। बारिश इतनी तीव्र थी कि कुछ घरों में छह फीट तक पानी भर गया, जिससे घरों में रखा राशन और अन्य सामान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

बारिश के कारण प्रभावित परिवारों में भारी अफरा-तफरी मच गई। तड़के से ही लोग अपने घरों से पानी और मलबा निकालने में जुटे गए। सबसे अधिक प्रभावित पांच परिवारों में बबलू, शिवचरण, राजू, सुनील और रिंकू के परिवारों को स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत केंद्र में शिफ्ट किया गया है।

प्रशासन की ओर से एसडीएम संदीप कुमार ने सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रभावितों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। तहसीलदार मोहम्मद शादाब ने बताया कि सभी प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता राशि के साथ-साथ राशन किट वितरित की गई है। साथ ही, उन्हें नाश्ता भी उपलब्ध कराया गया और निकटस्थ बारातघर में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, बारिश करीब दो घंटे तक लगातार होती रही, जिससे क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ।

नव निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय के भवन का एक पुश्ता ढह गया, वहीं गोशाला वाली सड़क पर भी भारी मलबा आ गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है।

बौराड़ी स्टेडियम भी इस बारिश की चपेट में आ गया। यहां पानी भर जाने से रामलीला का मंचन बाधित हो रहा है। रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, उपाध्यक्ष जशोदा नेगी, अमित पंत, गंगा भगत नेगी, नंदू वाल्मिकी, वेशभूषण जोशी और कमल महर सहित अन्य सदस्यों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद बौराड़ी स्टेडियम में समुचित ड्रेनेज व्यवस्था नहीं बनाई गई। एक ही बारिश में स्टेडियम तालाब में तब्दील हो गया है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत नहीं की गई तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। बारिश ने एक बार फिर नई टिहरी के बुनियादी ढांचे पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# राबाइंका किलकिलेश्वर में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किलकिलेश्वर में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक प्रवीण थपलियाल ने छात्राओं को अपने व्यक्तित्व को सशक्त बनाने, सपनों को पहचानने और पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाएं पर्यावरण संरक्षण का व्यापक ज्ञान रखती थीं। उन्हें वनस्पति को संरक्षित रखने की पूरी जानकारी थी। बताते चलें कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।



राबाइंका किलकिलेश्वर की प्रधानाचार्य डा. मीना सेमवाल ने बताया कि कैंप को मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, उत्साह और उमंग से भरपूर बनाने के लिए एक व्यवस्थित योजना बनाई गई है, जिसमें प्रतिदिन प्रार्थना, योग, जुंबा, खेलकूद, कहानी लेखन व वाचन, नाटक, क्राफ्ट आदि गतिविधियां करवाई जाएगी। कहा कि भारतीय भाषाओं के अंतर्गत कुमाऊंनी तथा गुजराती भाषाएं सिखाई जाएंगी। भाषाई ज्ञान को सरल व रोचक बनाने के लिए लघु फिल्में, फ्लैश कार्ड, कहानी कथन आदि माध्यम के रूप में प्रयोग किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका मंजू रावत, शकुंतला चौहान, अनुपम बहुगुणा, आरती पंवार, ज्योति प्रभाकर, प्रियंका भट्ट, रेखा चौहान, सीमा रावत, हंसी जोशी, संगीता राणा, परमेश्वरी, मीना पोखरियाल सहित आदि मौजूद थे।

# डंडासली गांव में नशा मुक्त विवाह की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा ब्लॉक के डंडासली गांव में नशामुक्त समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां स्व. भजन दास की पत्नी कमला देवी ने अपनी बेटी पूजा की शादी पूरी तरह से नशा मुक्त वातावरण में संपन्न कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। यह निर्णय समाज सुधारक सुशील बहुगुणा द्वारा चलाए जा रहे "शराब नहीं, संस्कार दीजिए" अभियान से प्रेरित होकर लिया गया।

कमला देवी और उनकी बेटी पूजा ने शादी समारोह को पूर्णतः संयमित और संस्कारित रूप में संपन्न करने का निश्चय करते हुए कॉकटेल पार्टी न कराने का निर्णय लिया।

उनके इस साहसी और समाजोपयोगी निर्णय की सराहना करते हुए समाज सुधारक और



ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बहुगुणा ने इसे समाज के लिए प्रेरणा देने वाला कदम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

डंडासली गांव में हुए इस विवाह समारोह में राड्स संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट, लक्ष्मी बहुगुणा, उत्तम, सविता देवी, चौता देवी, विजल दास, शिवानी, प्रकाश, अमन, बैसाखी देवी, बलबीर और रोशनी देवी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने कमला देवी और पूजा के इस निर्णय की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया।

इस नशा मुक्त विवाह समारोह ने न केवल क्षेत्र में एक नई सोच को जन्म दिया है, बल्कि यह भी साबित किया कि परंपरा और संस्कारों को निभाते हुए भी विवाह समारोह को गरिमा और सादगी के साथ मनाया जा सकता है। यह कदम आने वाले समय में अन्य परिवारों को भी प्रेरित करेगा कि वे दिखावे और नशे से दूर रहकर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव: धामी

■ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह में सम्मानित किया। ये कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित हो रहे सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के साथ ही इन विद्यार्थियों ने उत्तराखंड का मान भी बढ़ाया है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। सरकार द्वारा क्वालिटी एजुकेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी सरकारी विद्यालयों में एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्य पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं। राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्रों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं तथा 840 नए विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में स्मार्ट क्लासरूम भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का भी विस्तार से जिक्र किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मालदेवता क्षेत्र बन रहा है स्टंटबाजी का अड्डा

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** रायपुर थाना क्षेत्र के मालदेवता में अब नवयुवकों का स्टंट ग्राउंड बनता जा रहा है। आए दिन वाहनों से अपनी जान को जोखिम में डालकर नवयुवक स्टंट बाजी करने में जुटे हैं।पुलिस ने चेकिंग के दौरान सड़क पर रैश ड्राइविंग कर स्टंट करने वाले 3 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मालदेवता क्षेत्र में स्टंट ड्राइविंग की शिकायत मिलने पर संबंधित पुलिस को चेकिंग कर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं जिसके चलते रायपुर पुलिस ऑफ चालक चालकों पर अपना शिकंजा कसने के लिए चेकिंग अभियान में जुटी है दो दिन पूर्व जहां तीन थार कार चालकों सहित कई लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की थी। पुलिस चेकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लघंन कर सड़क में रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वाले 3 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर उनके वाहनों को सीज किया।

# 'त्रिकाल' ब्रांड की शराब की उत्तराखंड में निर्माण व बिक्री की अनुमति नहीं: आयुक्त

■ सोशल मीडिया खबरों का आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र सेमवाल ने किया खंडन

■ भ्रामक खबरें प्रसारित कर साजिश करने वालों के खिलाफ होगी एफआईआर: आयुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के आबकारी आयुक्त हरिश्चन्द्र सेमवाल ने स्पष्ट किया है कि राज्य में श्त्रिकालश नामक मदिरा ब्रांड को राज्य में न तो निर्माण की अनुमति दी गई है, न ही रजिस्ट्रेशन अथवा बिक्री के लिए किसी प्रकार की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होने मीडिया व सोशल मीडिया की किसी भी ऐसी रिपोर्ट को भ्रामक बताते हुए खंडन किया है।

आबकारी आयुक्त द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह विभाग के संज्ञान में आया है कि ष्त्रिकालष नामक मदिरा ब्रांड को मैसर्स रेडिको खेतान लिमिटेड द्वारा अन्य राज्यों में लॉन्च किए गया है लेकिन इसे उत्तराखंड से जोड़े जाने की भ्रामक एवं असत्य खबरें सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही हैं। इस संबंध में उत्तराखंड आबकारी विभाग स्पष्ट करना चाहता है कि राज्य में इस प्रकार के किसी भी ब्रांड को न तो निर्माण की अनुमति दी गई है, न ही रजिस्ट्रेशन अथवा बिक्री हेतु किसी प्रकार की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त खबरें पूर्णत: झूठी, भ्रामक एवं प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली हैं। आबकारी विभाग इस संबंध में साइबर अपराध की धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही कर रहा है और अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उत्तराखण्ड, जो कि देश में ष्देवभूमिष के नाम से जाना जाता है, उसकी धार्मिक मर्यादा और सनातन संस्कृति का आदर करना प्रत्येक नागरिक एवं संस्था का कर्तव्य है। इस पावन भूमि पर किसी भी ऐसे ब्रांड की बिक्री या उत्पाद को अनुमति नहीं दी जाएगी जो देवी-देवताओं या धार्मिक अवधारणाओं से मिलते-जुलते नामों से जुड़ा हो और जिससे प्रदेशवासियों की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचे।

## स्कूटी रपटने से हुए हादसे में युवक की मौत

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की देर रात करीब साढ़े नौ बजे बाजार से घर को लौट रहे स्कूटी में सवार युवक काभडाभ्योल के पास स्कूटी के साथ रपट गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग घायल को तत्काल जिला अस्पताल लाए। लेकिन डाक्टरों ने युवक मृत घोषित कर दिया। शव पीएम के लिए मोर्चरी में रखा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व युवक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने बताया कि 38 वर्षीय मनोज खड़ाई पुत्र राजेंद्र सिंह खड़ाई सोमवार की रात नगर से अपने घर द्वारसों लौट रहे थे। तभी उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गई।

# पद्मश्री: उत्तराखंड से तीन हस्तियों को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

■ राष्ट्रपति ने समाज सेवा, साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को सिविल इन्वेस्टिचर समारोह के दौरान उत्तराखंड से राधा भट्ट, ह्यूग गैंटजर और (मरणोपरांत) कोलीन गैंटजर को देश के प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। राधा भट्ट को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान मिला, जबकि गैंटजर दंपत्ति को साहित्य एवं शिक्षा - यात्रा वृत्तांत व पत्रकारिता के क्षेत्र में संयुक्त रूप से उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है।



Ms. Radha Bhatt  Shri Hugh Gantzer  Smt. Colleen Gantzer

उत्तराखंड के इन तीन महान व्यक्तित्वों राधा भट्ट, ह्यूग गैंटजर और (मरणोपरांत) कोलीन गैंटजर को पद्मश्री सम्मान देश के लिए उनके अमूल्य योगदान की पहचान है। समाज सेवा से लेकर साहित्य और पत्रकारिता तक इनकी सेवाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेंगी।

**सुश्री राधा भट्ट-एक परिचय**

पद्मश्री सम्मानित सुश्री राधा भट्ट एक प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। उनका जन्म 16 अक्टूबर 1933 को उत्तराखंड के एक दूरस्थ गाँव में हुआ था। किशोरावस्था की तत्कालीन सामाजिक एवं पारिवारिक विषम परिस्थितियों में ही उन्होंने समाज सेवा का रास्ता चुना और महिलाओं व लड़कियों की शिक्षा और आत्मविश्वास के विकास को अपना उद्देश्य बनाया। इसी लक्ष्य के साथ उन्होंने 12वीं कक्षा में ही पढ़ाई छोड़ दी और मात्र 16 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी आश्रम, कौसानी में सरला बेन के साथ समाज सेवा का कार्य आरंभ किया। 1961-63 के दौरान पिथौरागढ़ जिले के बांगड़ गांव में गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित सामाजिक सेवा का प्रयोग किया। लड़कियों के लिए ष्एक घंटे का विद्यालयष और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियां शुरू कीं। 'नदी बचाओ आंदोलन' उन्होंने 2008 में शुरू किया। उन्हें 1991 में जमनालाल बजाज पुरस्कार, इंदिरा प्रियदर्शिनी पर्यावरण पुरस्कार, स्वामी राम मानवतावादी पुरस्कार 2024 समेत कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

**ह्यूग गैंटजर व कोलीन गैंटजर**

पद्मश्री से सम्मानित ह्यूग गैंटजर एक प्रसिद्ध यात्रा लेखक और भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमांडर हैं। उन्होंने 1953 में नौसेना में अधिकारी के रूप में प्रवेश किया और 1973 में दक्षिणी नौसेना कमांड के पहले न्याय अधिवक्ता के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपनी पत्नी कोलीन गैंटजर के साथ भारत की विविधता को खोजने और लोगों तक पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने यात्रा लेखन की एक नई शैली की शुरुआत की। उन्होंने 3 हजार से अधिक लेख, कॉलम और फीचर लिखे और 30 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित कीं। उन्होंने दूरदर्शन के लिए भारत के पहले यात्रा वृत्तचित्र बनाए । उनके लेखन का प्रमुख उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता को उजागर करना था, जो पाठकों को प्रेरित करता रहा। उन्हें और उनकी पत्नी को कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले, जिनमें डी.सी. मेहता पुरस्कार, 2012 का राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार, पैसिफिक एरिया ट्रैवल एसोसिएशन का गोल्ड अवार्ड, बेस्ट ट्रैवल राइटर अवार्ड, और भारत सरकार का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। उनकी जिज्ञासा, साहस और सहानुभूति ने कोलीन और ह्यूग गैंटजर को एक प्रभावशाली यात्रा लेखक जोड़ी बना दिया।

### मुख्यमंत्री धामी ने बताया राज्य का सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नागरिक अलंकरण समारोह में उत्तराखंड की सुश्री राधा भट्ट को सामाजिक कार्य, ह्यूग गैंट्जर और कोलीन गैंट्जर (मरणोपरांत) को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इसे राज्य का भी सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के सुदूर इलाके में जन्मी पद्मश्री से सम्मानित होने वाली सुश्री राधा भट्ट का पर्यावरण एवं समाज सेवा के साथ महिला शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है।

# चाय विक्रेता के साथ मारपीट कर घायल करने वाला पुलिस ने पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** चाय की ठेली लगाने वाले से हुए विवाद के बाद जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बताया गया है कि मारपीट की घटना के बाद भीड जमा होने पर आरोपी मौके से अपनी कार में बैठकर फरार हो गया था हो गया था।

पटेल नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए समोदत्त शर्मा पुत्र दयानन्द शर्मा निवासी टर्नर रोड ने बताया था कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीडित दिलवर थापा को जान से मारने की नियत से उन पर चौपहिया वाहन चढाने का प्रयास किया। जिसमें दिलवर थापा गम्भीर रुप से चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था वही पुलिस आरा. पी की तलाश में जुट गई थी जिसके चलते पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले आरोपी नदीम पुत्र शरीफ, निवासी टपरी कला सहारनपुर हाल पता झीवारेडी कारवारी ग्राण्ट को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि पुलिस की पकड़ में आया आरोपी शराब के नशे मे था तथा दिलबर थापा भी शराब नशे में था, जिस कारण उसका और दिलबर थापा का आपस में विवाद हो गया था जिसके बाद दिलवर थापा के ऊपर अपनी गाडी स्वीप्ट डिजायर को चढा दी। जिससे दिलवर थाना गम्भीर रुप से चोटिल हो गया था तभी वहाँ पर लोग इकट्ठा हो गये। जिससे वह डर गया और मौके से फरार हो गया था।



## लापरवाही: झूलता हुआ तार स्कूटी में उलझा, युवक चोटिल

**बागेश्वर।** नगर क्षेत्र में इन दिनों यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सरयू पुल हनुमान मंदिर के पास कैमरा लगाने का कार्य चल रहा था। जसपुर निवासी युवक अंकित पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था। इसी दौरान पोल से जुड़ा एक तार लापरवाहीपूर्वक बीच सड़क में झूल रहा था। संयोगवश, उसी समय एक स्कूटी सवार वहां से गुजर रहा था और तार स्कूटी के स्टैंड में उलझ गया, जिससे अंकित संतुलन खो बैठा और पोल से नीचे गिर पड़ा। गिरने से अंकित के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं।

# सीईओ ने किया उत्पादन व कताई केंद्र का निरीक्षण

■ देव कृष्ण तिवारी ने कार्यप्रणाली पर जताई संतुष्टि, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी देव कृष्ण तिवारी ने मंगलवार को उत्पादन केंद्र भोगपुर एवं मोजा कताई केंद्र का गहन निरीक्षण किया। उनके साथ बोर्ड मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। इस अवसर पर दोनों केंद्रों की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता, श्रमिकों की भागीदारी तथा संसाधनों के उपयोग की विस्तृत समीक्षा की गई।





निरीक्षण के दौरान तिवारी ने केंद्र में चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए कई जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने उत्पादन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, श्रमिकों के लिए कार्यस्थल को अधिक सुविधाजनक बनाने तथा संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर दिया।

मोजा कताई केंद्र की कार्यशैली से मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विशेष रूप से प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कताई कार्य में लगे कर्मचारियों के समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ष्ऐसी प्रतिबद्धता से ही आत्मनिर्भरता की ओर ठोस कदम बढ़ाया जा सकता है।ष

निरीक्षण के अंत में तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इन केंद्रों का विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में केंद्रों के आधुनिकीकरण एवं विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

यह निरीक्षण न केवल प्रशास. निक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे उत्पादन केंद्रों के संच. ालन में पारदर्शिता और दक्षता को नई दिशा मिलने की उम्मीद भी जगी हैं।

# राज्यसभा एमपी बंसल ने की सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा





शाह टाइम्स

**देहरादून( मुख्य संवाददाता )।** राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवनवाला में संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में मूलभूत सुविधाओं का विकास के साथ ग्राम पंचायत को सभी विभागीय योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए।

■ आदर्श ग्राम जीवन वाला में मूलभूत सुविधाओं का विकास करने के निर्देश

मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सांसद आदर्श ग्राम के हर घर में सोलर लाइट लगाने के लिए उरेडा एवं विद्युत विभाग को पूरा प्राजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि आदर्श ग्राम के हर घर में बिजली का बिल शून्य हो और हर परिवार को इसका लाभ मिले। सांसद ने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ने पर सांसद निधि और सीएसआर फंड से इसकी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सांसद आदर्श ग्रामों में सोलर लाइट के लिए सर्वे कराते हुए एक माह के भीतर इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्मित अमृत सरोवरों पर पर्यटन गतिविधि संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। सौन्दर्यीकरण के साथ पर्यटक सुविधाएं जुटाते हुए अमृत सरोवरों को टूरिस्ट स्थल के रूप विकसित करें। इससे आदर्श ग्राम के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की सुविधा मिलेगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने से पहले ग्राम पंचायत में महिला सभा एवं बाल सभा की अलग से बैठक आयोजित की जाए और जीपीडीपी में उनके प्रस्तावों को प्राथमिकता पर शामिल किया जाए। सांसद आदर्श ग्रामों में आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रमुखता से काम किए जाए। सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला एवं हरिपुर कलां में बैंकिंग सुविधाओं के साथ लोगों के जनधन खाते, पीएम जीवन ज्योति, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा से जोड़ा जाए। बैठक में जिलाधिकारी सविन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार शर्मा आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया याद

■ आधुनिक भारत की आधारशिला रखने वाले महान दूरदृष्टी के नेता थे पंडित जवाहर लाल नेहरू: धस्माना





शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहर लाल नेहरू आजादी के बाद के आधुनिक भारत की आधारशिला रखने वाले एक दूरदर्शी राजनेता थे।

यह बात मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61 वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कही। उन्होंने कहा कि आज भारत में जो औद्योगिक , व्यापारिक , वैज्ञानिक व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में प्रगति हुई उसका रास्ता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ही शुरू किया था। धस्माना ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित जवाहर लाल नेहरू की तीन तीन पीढ़ियों ने एक साथ प्रतिभाग किया जो न केवाल देश में बल्कि दुनिया में एक उदाहरण है। धस्माना ने कहा कि भारत के नव रत्न कंपनियों की स्थापना की शुरुआत भी पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की। धस्माना ने कहा कि पंडित नेहरू बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे वे प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी , एक योग्य व कुशल प्रशासक व एक दार्शनिक थे जिनकी लेखनी विश्व को एक शानदार नजरिए से प्रस्तुत करती है। उनकी पुस्तकें लेटर्स फ्रॉम ए फादर टू हिज डाटर, ग्लिंपसेस ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री, ए ऑटोबायोग्राफी , डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी विश्वप्रसिद्ध पुतले लिखी। उत्तराखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता भुवन कापडी ने कहा कि पंडित नेहरू ने भारत को विज्ञान तकनीक और तर्कशीलता का हथियार दिया। वे उदारवादी किंतु कुशल प्रशासक थे।

कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल,प्रदेश महामंत्री जगदीश धीमान,प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रतिमा सिंह,जिला उत्तरकाशी यमुनोत्री अध्यक्ष दिनेश चौहान, प्रदेश कांग्रेस अल्प संख्यक महासचिव कमर सिद्दीकी, गुड्डू चौहान आदि ने कार्यक्रम में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सुभारती में शुरू हुआ 'कॉलेज ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स'

■ अंतर्राष्ट्रीय नृत्य कार्यशाला में सात देशों के कलाकारों ने बिखेरी कला की छटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग में सोमवार को एक ऐतिहा. सिक पहल के तहत 'डॉ. मुक्ति भटनागर कॉलेज ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स' की स्थापना की घोषणा की गई। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सात देशों के कलाकारों ने भाग लेकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर डॉ. हिमांशु एरन ने किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कला, संस्कृति और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव एवं महानिदेशक युगल किशोर पंत उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार खालिद हसन, डीन अकादमिक प्रो. मनमोहन गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक प्रो. संतोष कुमार, कला विभागाध्यक्ष डॉ. इमरान खान, डॉ. नरेंद्र, डॉ. प्रतिभा सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने की 'प्रथम गजा घण्टाकर्ण महोत्सव' की शुरुआत

■ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और विकास योजनाओं का अद्भुत संगम बना प्रथम गजा घण्टाकर्ण महोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, गजा में आयोजित 'प्रथम गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2025' का दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घण्टाकर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की और राज्य आंदोलनकारी शहीद बेलमती चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव क्षेत्रीय देवताओं की पूजा-अर्चना के माध्यम से सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। गजा स्थित घण्टाकर्ण मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है और बद्रीनाथ परिक्रमा के उपरांत यहां की परिक्रमा का विशेष महत्व है। हरिद्वार और हिमालय के एक साथ दर्शन वाले इस स्थल को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से और भी उन्नत करने की दिशा में यह महोत्सव एक ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को तभी साकार किया जा सकता है, जब गांव, पंचायत, ब्लॉक, जिला और प्रदेश मिलकर विकास की ओर अग्रसर हों। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार "विकल्प रहित संकल्प" की नीति पर कार्य कर रही है और उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठतम राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि गजा क्षेत्र में 30 करोड़ की लागत से पॉलिटेक्निक, 24 करोड़ की लागत से हेंवलघाटी पम्पिंग पेयजल योजना, नगर पंचायत कार्यालय, गौशाला और विश्राम गृह का निर्माण कार्य किया गया है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए "हाउस ऑफ हिमालय" ब्रांड के तहत उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता को टक्कर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र की 15 सूत्रीय मांगों को उनके समक्ष रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और उन्हें घोषणाओं में शामिल करने की बात कही। महोत्सव में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बच्चों के माता-पिता और आयोजन समिति का आभार जताया और कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और परंपरागत पहनावे को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एमबीबीएस, आईआईटी, एनआईटी और भारतीय नौसेना में चयनित स्थानीय बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने शहीद विक्रम सिंह नेगी के गांव की सड़क का नामकरण उनके नाम पर करने की घोषणा की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रशासक राजेंद्र भंडारी, चंबा की शिवानी बिष्ट, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष शोभनी धनोला, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा कुंवर सिंह चौहान, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, प्रसिद्ध लोकगायक प्रीतम भरतवाण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# हरिद्वार के सभी मतदान केंद्रों पर होगा वृहद्ध स्तर पर वृक्षारोपण : जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में 5 जून से 20 जुलाई तक बृहद्ध स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में ली।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी बूथों पर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 20 जुलाई के मध्य सभी मतदान केंद्रों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम से सफल आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए तथा पौधा लगाने वाले व्यक्तियों को समय समय पर पौधे की देखरेख हेतु भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण की निगरानी हेतु ज्योटैग



फोटो उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सभी बूथों पर पौधरोपण हेतु गाँववार रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्र के सफल आयोजन हेतु सेक्टर ओर जोनल मैजिस्ट्रेट तैनात करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रोस्टर के अनुसार विभिन्न विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने डेटा कलैक्शन तथा सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि इच्छुक दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के आवास पर भी वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बीएलओ, वीडीओ, पटवारी एवं लेखपाल सहित विभिन्न कार्मिकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ वैभव सिंह, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला शिक्षाधिकारी आशुतोष भंडारी, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, स्वीप सदस्य डॉ.संतोष चमोला, अमरीश चौहान, तहसीलदार सचिन कुमार, विकास अवस्थी, प्रताप सिंह चौहान, दयाराम आदि उपस्थित थे।

## सात मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण एक कराया बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर और ड्रग्स कंट्रोल विभाग अनीता भारती की टीम ने शिवालिक नगर क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। सचिव सिमरनजीत कौर ने बताया कि सात मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया है। जिनमें एक स्टोर पर साफ सफाई न होने पर तत्काल स्टोर को बंद करा कर साफ सफाई करने के निर्देश स्टोर स्वामी को दिए गए हैं। दूसरे स्टोर पर फार्मामिस्ट बदले को कहा गया है। वही ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया है। एक्सपायरी दवाइयां किसी भी ग्राहक को न दी जाए इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस कैंसिल करने की कार्यवाही की जाएगी। बताया कि एक कंपनी का भी निरीक्षण किया गया है। कार्यवाही जारी रहेगी। लापरवाही बरतने वाले मेडिकल स्टोरों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार आरोपी को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। नवम्बर 2024 में कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। जबकि एक आरोपी आलम उर्फ जुबेर पुत्र शान इलाही निवासी ग्राम बहादरपुर जट थाना पथरी फरार चल रहा था। जिसे वांछित और ईनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में एसआई सोनल रावत, कांस्टेबल रोहित कुमार व मनोज डोभाल शामिल रहे।

## देशी शराब के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने अभियान चलाते हुए स्कूटी पर शराब तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 270 टैट्रा पैक बरामद हुए हैं। शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। शराब, स्मैक, चरस, गांजा आदि मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान रेगुलेटर पुल के पास पुलिस टीम ने एक स्कूटी सवार को रोककर तलाशी ली तो भारी मात्रा में देशी शराब के ट्रैट्रा पैक बरामद हुए। शराब बरामद होने पर पुलिस ने आरोपी दानिश पुत्र मुन्ना निवासी अहबाब नगर ज्वालापुर को गिरफ्तार कर लिया।

## नगर कोतवाली पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के मद्देनजर नगर कोतवाली पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। हरकी पैड़ी सहित आसपास के घाटों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की पड़ताल के लिए चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस लोगों को जागरूक भी किया। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत एसएसपी ने सतर्कता बरतने और राजमार्गो पर सुव्यवस्थित यात्रा प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के मद्देनजर पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। मंगलवार को नगर कोतवाली पुलिस ने हरकी पैड़ी सहित आसपास के घाटों रेलवे स्टेशन, बस अड्डे आदि पर संघन चौकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ ही संदिग्ध वस्तुओं को चेक किया।



### गढ़मीरपुर में किया दंगल का आयोजन

## कुश्ती व अन्य खेलों में भाग लेने से मिलती है नशे से दूर रहने की प्रेरणा : राव आफाक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ग्राम गढ़मीरपुर में आबाद प्रधान के संयोजन में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, राजस्थान सहित कई राज्यों और नेपाल के पहलवानों ने भाग लिया। दंगल का उद्घाटन विधायक रवि बहादुर एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दंगल में नेपाल के लक्की थापा पहलवान ने राजस्थान के समशेर को हराया। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि खेल जगत में कुश्ती महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। जिसके शरीर में बल हो और जो अच्छे गुरु से शिक्षा ग्रहण कर दांव-पेंच सीख लेता है, वही कुश्तियों में कामयाबी हासिल करता है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सद्भावना बढ़ती है और मनोरंजन



भी होता है। पचास किलो का पहलवान अपने हुनर से 100 किलो के पहलवान को पटकनी देता है, तो दर्शकों में हर्ष और उल्लास होता है और वे तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का हौसला बढ़ाते हैं। राव आफाक अली ने कहा कि दंगल, कुश्ती व अन्य खेलों में भाग लेने से युवा वर्ग को नशे दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। आयोजक राव आबाद अली प्रधान ने सभी अतिथियों का पगड़ियां पहनाकर सम्मानित किया। मास्टर दिलीप ने नेपाल के लक्की थापा पहलवान को 5100 रुपए का पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राव मुजीब, जुनेद राणा, राव सुहैल, मास्टर दिलीप सिंह, मास्टर ओमपाल सिंह आदि ने भी पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें पुरूस्कार प्रदान किए। क्षेत्र के हजारों लोगों ने दंगल का आनंद लिया।

## जापान और सिंगापुर की तर्ज पर कूड़ा निस्तारण कर बनायी जाए बिजली : ऋषि रामकृष्ण


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** घनी आबादी वाले रिहाईशी क्षेत्र चमगादड़ टापू में कूड़ा निस्तारण से स्थानीय लोगों व बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्धन निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने बताया कि चमगादड़ टापू में नगर निगम द्वारा अव्यवस्थित रूप से कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्रवासियों, संतों और क्षेत्र मे घूमने वाली गौमाता के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती जा रही है। कूड़े के खुले ढेरों से उठती दुर्गंध, मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप और बीमारियों का बढ़ता खतरा लोगों के जीवन को अत्यंत कष्टप्रद बना रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर इसका विशेष दुष्प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्वामी ऋषि रामकृष्ण सहित कई संतों एवं क्षेत्रवासियों ने मेयर किरन जैसल से तत्काल प्रभाव से चमगादड़ टापू में कूड़ा निस्तारण बंद करने और किसी उपयुक्त गैर-रिहायशी क्षेत्र से बाहर कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही, वर्तमान में फैले कूड़े को जल्द से जल्द साफ कर क्षेत्र को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाने की मांग भी की। स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने कहा कि जिस प्रकार जापान और सिंगापुर में कचरे से बिजली उत्पादन कर और अन्य कई अन्य कार्यों में इस्तेमाल किया जा रहा है। उसी प्रकार हरिद्वार में भी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर कूड़ा निस्तारण किया जाना चाहिए।

**चमगादड़ टापू में नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण बना लोगों के लिए परेशानी का सबब**

### स्टेडियम का नाम नहीं बदलने की मांग को लेकर

## खेल मंत्री से मिले सपा नेता महंत शुभम गिरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सपा नेता महंत शुभम गिरी ने खेल मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात कर वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम नहीं बदले जाने की मांग की और ज्ञापन भी दिया। महंत शुभम गिरी ने कहा कि हरिद्वार की बेटी वंदना कटारिया ने अपनी प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। अर्जुन पुरूस्कार सहित कई प्रतिष्ठित खेल पुरूस्कारों से सम्मानित वंदना कटारिया के नाम पर स्थापित स्टेडियम का नाम नहीं बदला जाना चाहिए। महंत शुभम गिरी ने बताया कि खेल मंत्री ने स्टेडियम का नाम नहीं बदलने का आश्वासन दिया है।

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने टीबी रोगियों को वितरित किया पौष्टिक आहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कॉलेज में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 'प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान-3.0 के अंतर्गत अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद तथा मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी व कालेज के प्राचार्य डा. सुनील कुमार बत्रा द्वारा क्षय रोगियों हेतु नि-क्षय पोष्टिक फूडकिट का वितरण किया गया। श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी महाराज ने कहा कि निक्षय मित्र योजना के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं और अब वो दिन दूर नहीं जब टीबी मुक्त भारत मिशन साकार होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार डा.आर के सिंह ने बताया कि पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, मां मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट एवं एसएमजेएन कालेज द्वारा 200 पोष्टिक किट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट, पंचायती अखाड़ा निरंजनी एवं एसएमजेएन. कालेज निरंतर टी बी उन्मूलन के लिए निक्षय मित्र योजना में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डा.आरके सिंह ने कहा कि श्रीमंहत रविन्द्रपुरी द्वारा बड़ी संख्या में क्षय रोगियों को गोद लिया जाना महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को दर्शाता हैं। मुख्य चिकित्सा बताया कि निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी रोगियों को पोषण सहायता, नैदानिक सहायता और व्यवसायिक सहायता प्रदान की जा सकती है। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों व आम लोगों को भी क्षय रोगियों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। जिला टीबी अधिकारी डा. अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को उखाड़ फेंकने के लिए इसी प्रकार के प्रयासों की आवश्यकता हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक डा.अनिल नेगी ने कहा कि टीबी का सही समय पर किए गए उपचार से जीवन को बचाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी को टीबी आरोग्य साथी ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड



करना चाहिए। जिससे कि टीबी की बीमारी तथा उसके सही इलाज से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सके। प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि क्षय रोगियों को गोद लेकर भावनात्मक और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराये जाने के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र मिलने से टीबी रोगियों को हौंसला बढ़ता है, जब उन्हें यह पता चलता है कि उनके परिवार के अलावा भी समाज में ऐसे कई लोग हैं जो उनके साथ खड़े हैं और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता करते हैं। उन्होंने टीबी रोगियों को टीबी चौम्पियन सोनी से प्रेरणा लेने को कहा। प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर डा. मौहम्मद सलीम को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डा.संजय कुमार माहेश्वरी ने अपील की कि हम सभी का दायित्व है सामूहिक सहयोग कर क्षय रोगियों को भावनात्मक सहयोग के साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध करवायें ताकि वे शीघ्र पूरी तरह से स्वस्थ हो सकें। इस अवसर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर डा.मौहम्मद सलीम, अवनीश कुमार, सौरभ कुमार, दिनेश पंत, शादाब सिद्दीकी, सचिन कुमार, कॉलेज के प्रो.जेसी. आर्य, डा.सुषमा नयाल, प्रो.विनय थपलियाल, वैभव बत्रा, रेड क्रॉस महाविद्यालय नोडल अधिकारी डा. मनोज सोही, कविता छाबड़ा, रिंकल गोयल, डा.लता शर्मा, डा.आशा शर्मा, डा.मोना शर्मा, डा.रेनू सिंह, डा.सरोज शर्मा, डा.पूर्णिमा सुन्दरियाल, प्रिंस श्रोत्रिय, विनीत सक्सेना, डा.पुनीता शर्मा, गौरव बंसल, अर्शिका वर्मा, कु.वन्दना सिंह आदि मौजूद रहे।

## उप चुनाव के लिए दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** आगामी 29 मई को खंड विकास बहादराबाद की लालढांग ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पद के लिए होने वाले उप चुनाव हेतु विकास खंड बहादराबाद के सभागार में मतदान अधिकारियो को पी पी टी के अंतर्गत विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को प्रशिक्षण दिया गया स लालढांग ग्राम प्रधान का चुनाव आगामी 29 मई को होगा जिसके लिए 10 मतदान केंद्र बनाए गए हैं स खंड वुकास अधिकारी मानस मित्तल ने सभी मतदान अधिकारियो को शपथ दिलाते हुए निष्पक्ष चुनाव करने को कहा।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि कल 28 मई को मतदान पार्टियों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और पार्टियों को मतदान केन्द्रो के लिए रवाना किया जाएगा।

आज के प्रशिक्षण में खंड विकास अधिकारी मानस मित्तल, पंचायत विभाग से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनुज कुमार, अजय कुमार उपस्थित रहे।

## महानगर कांग्रेस ने दी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथी पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देवपुरा स्थित पंडित गोविंद वल्लभ पंत पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत का प्रथम प्रधानमंत्री बनने के उपरांत आधुनिक भारत की नींव रखी। देश में पब्लिक सेक्टर की स्थापना की और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराए। पूर्व विधायक रामयश सिंह और वरिष्ठ नेता ओपी चौहान ने कहा कि पंडित नेहरु ने पंचशील योजना के माध्यम से भारत का सशक्त बनाया। महेश प्रताप राणा और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि पंडित नेहरु आजादी के आंदोलन में 9-10 वर्ष जेल में रहे और देश को आजादी मिलने के बाद उद्योग



धंधों और कारखानों की स्थापना की। यूथ कांग्रेस के हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष तुषार कपिल और एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा ने कहा कि पंडित नेहरु ने पूरे विश्व में अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया और विदेशों में भी उनकी नीतियों को सराहा गया। वीरेंद्र श्रमिक और विकास सिंह ने कहा कि पंडित नेहरु ने लाखों लोगों को पब्लिक सेक्टर के माध्यम से रोजगार देकर अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किए। कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव, दिनेश वालिया, पार्षद हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी, विवेक भूषण विक्की, नौमान अंसारी, अकरम अंसारी, अरूण राघव, तरूण व्यास, उदयवीर सिंह चौहान, अजय गिरी, हिमांशु राजपूत, करतार सिंह खारी, सीपी सिंह, ओम मलिक, करन सिंह राणा, आकाश बिरला, सन्नी ठाकुर, सुनील कुमार प्रजापति, आयुष कुमार, सुमन अग्रवाल, आयुष अरियाल, सोनू शर्मा, संजय वाल्मीकि आदि कार्यकर्ताओं ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## रिश्वतखोरी के खिलाफ शिकायतकर्ताओं को मिले पुरस्कार

**हल्द्वानी।** रिश्वतखोरी के विरुद्ध जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष और सेवानिवृत्त असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक महत्वपूर्ण सुझाव भेजा है। उन्होंने ट्रैप मामलों में शिकायतकर्ता को नकद पुरस्कार देने की मांग की है, ताकि आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने के लिए प्रेरित हों। सोमवार को श्री पांडे ने यह सुझाव ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित किया। उन्होंने पत्र में लिखा कि सतर्कता विभाग द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध तत्परता से की जा रही कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। एक ओर आम जनता अब निर्भीक होकर रिश्वतखोरी की शिकायत कर रही है, वहीं दूसरी ओर भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों में डर का माहौल बना है। श्री पांडे ने विशेष रूप से सोमवार को तहसील कालसी में एक पटवारी को दो हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ने की घटना का उल्लेख किया।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौडबसी में समर कैंप का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार के आदेश के अनुपालन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौड़बसी में संकुल केंद्र बादशाहपुर का समर कैंप, केंद्र लगाया गया। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौड़बसी विकासखंड बहादराबाद जनपद हरिद्वार और राजकीय प्राथमिक विद्यालय बादशाहपुर विकासखंड बहादराबाद जनपद हरिद्वार के छात्र-छात्राओं और अध्यापक, अध्यापिकाओं द्वारा समर कैंप मे प्रतिभाग किया गया। समर कैंप का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापिका श्रीमती रेखा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न एक्टिविटी कराई गई जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को भाषा संस्कृत के महत्व को बताया गया। समर कैंप के कार्यक्रम से बच्चे अत्यंत प्रसन्न



थे क्योंकि बच्चों को पूरे समय में गतिविधियां करने का अवसर मिला, समर कैंप में यादोराम चौधरी प्रधानाध्यापक, श्रीमती किरन सहायक अध्यापिका, श्रीमती दीप वाला दीपमाला पालीवाल सहायक अध्यापिका, श्रीमती रेशमा परवीन सहायक अध्यापिका, श्रीमती बीना ठाकुर सहायक अध्यापिका, श्रीमती रेखा शर्मा सहायक अध्यापिका, श्रीमती अफरोज भोजन माता, श्रीमती हबीबा भोजन माता, समस्त छात्र-छात्राए राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौड़बसी तथा कुमारी चुनमुन प्रधानाध्यापिका, श्रीमती आरजू सहायक अध्यापिका और समस्त बच्चे राजकीय प्राथमिक विद्यालय बादशाहपुर से उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने किया लाइन व्यवस्था का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ वी मुरुगेशन ने मंगलवार को केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धाम के साथ ही सोनप्रयाग में स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। साथ ही पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक केदारनाथ धाम पहुंचे, जहां हेलीपैड से लेकर सम्पूर्ण रूट का सुरक्षा एवं अग्निशमन के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ धाम में बनी नई पुलिस चौकी भवन की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केदारनाथ धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर उनके यात्रा अनुभव जाने। इस बार से यात्रा के शुरू में किए गए टोकन काउन्टर व लाइन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल तैनात किए जाने के निर्देश दिए।

केदारनाथ धाम परिसर में मन्दिर दर्शन के लिए लाइन मैनेजमेंट एवं क्राउड मैनेजमेंट को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। केदारनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्थाओं के निरीक्षण के बाद उन्होंने फाटा से सोनप्रयाग तक की यात्रा व्यवस्थाओं एवं यातायात प्रबंधन का निरीक्षण किया। उन्होंने सीतापुर व सोनप्रयाग स्थित पार्किंग की व्यवस्थाओं को भी देखा। सोप्रयाग और सीतापुर पार्किंग से शटल पार्किंग सोनप्रयाग तक जाने

**■ केदारनाथ धाम के साथ यात्रा पड़ावों में जांची व्यवस्थाएं**

वाली लाइन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर केदारनाथ में पुलिस उपाधीक्षक अभिनय चौधरी, चौकी प्रभारी केदारनाथ राजीव चौहान, सोनप्रयाग में पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्द्धनी सुमन, पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत, निरीक्षक देवेन्द्र सिंह असवाल, यातायात निरीक्षक श्याम लाल सहित कई पुलिस के अधिकारी कार्मिक और जवान मौजूद थे।

# टिहरी न्यायालय में लिटिगेशन शेड के सुदृढ़ीकरण कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला न्यायालय परिसर टिहरी गढ़वाल में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित लिटिगेशन शेड के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों का विधि-विधान से शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। इस कार्य को वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनटाइड मद से 31 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा।शिलान्यास अवसर पर जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इस कार्य की आज शुरुआत हो पाना न्यायिक प्रक्रिया और अधिवक्ताओं के लिए एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि न्याय एक गंभीर और अनुशासित कार्य

**■ जिला न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने किया भूमि पूजन, 31 लाख की लागत से होंगे सौंदर्यीकरण**

है, जिसे विपरीत परिस्थितियों में भी विधि के दायरे में रहकर संयम के साथ करना ही एक सामान्य व्यक्ति और न्यायिक अधिकारी में अंतर पैदा करता है।कहा कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय बनाकर कार्य किया गया है।कहा कि न्यायालय परिसर में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हों। डीएम ने बताया कि यह कार्य जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त और दीर्घकालिक उपयोग के अनुसार हो। साथ ही, जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को कार्यों की सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिला जज नसीम अहमद, कुटुंब न्यायाधीश अब्दुल कय्यूम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिथलेश पांडेय, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा और सचिव सी.एस. राणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप सजवाण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी, सिविल जज (सीडी) मोहम्मद याकूब, अपर सिविल जज आफिया मतीन सहित अधिवक्ता जयप्रकाश पांडेय, देवेंद्र दुमोगा, बीना सजवाण, राजपाल मियां, जगजीत सिंह नेगी, अमित उपाध्याय, रोशन आर्य आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में घोर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** ग्राम पंचायत लोहारी के अंतर्गत आने वाले लेबरा गांव के ग्रामीणों ने गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और सहायिका की लगातार अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) चकराता को शिकायती पत्र सौंपकर जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र में नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व सहायिका पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार सहित कालसी और विकासनगर में रह रही हैं। इस दौरान वे केंद्र पर कभी-कभार ही आती हैं और फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज करती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तीन वर्षों से केंद्र नियमित रूप से खुला ही नहीं है। विभाग द्वारा ऑनलाइन हाजिरी

**■ तीन वर्षों से नियमित रूप से नहीं खुला केंद्र केंद्र में आए बिना लिया जा रहा वेतन**

से मिलान न किए जाने का लाभ उठाकर कार्यकर्ती नियमों की अनदेखी कर रही हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पा रही है। कार्यकर्ती केवल राशन व पोषण सामग्री वितरित करने के लिए ही गांव आती हैं, जबकि सहायिका का विवाह पांच साल पहले अन्य गांव में हो चुका है और वह अब विकासनगर में निवास करती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वह केंद्र में आए बिना ही वेतन ले रही हैं।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एक वर्ष पूर्व भी इस संबंध में सीडीपीओ को शिकायत की गई थी, जिस पर सहायक परियोजना अधिकारी गांव पहुंची थीं। उस समय कार्यकर्ती व सहायिका ने लिखित रूप से रोजाना केंद्र खोलने का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर से केंद्र बंद हो गया।

वर्तमान में स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों को जन्म प्रमाण पत्र जैसी जरूरी सेवाओं के लिए भी विकासनगर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में बारू, गामा, सुरेश, कृपाल, गुनिया, बिट्टू, शेरू, मैयलु, दिनेश, सुनील, बादु, फतेह, अतरू, जोइसु, धरमू आदि ग्रामीण शामिल रहे। प्रकरण की जांच होगी सीडीपीओ इस संबंध में संपर्क करने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम जसवाल ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में स्पोर्ट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में स्पोर्ट्स डे बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद जखमोला ने कहा कि स्पोर्ट्स आज शिक्षा का एक अभिन्न अंग बन चुका है क्योंकि खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर एक अलग प्रकार की भावनाएं जागृत होती है बच्चों का एक दूसरे से मेल मिलाप होता है, दोस्ती होती है, और सभी दोस्त एक दूसरे को अच्छे खेलने के लिए प्रेरित करते हैं।

प्रधानाचार्य जखमोला ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी सुदृढ़ होता है।

उन्होंने कहा कि ये बातें अब पुरानी हो चुकी है जब कहा करते थे कि खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवा,. उन्होंने कई खिलाड़ियों का नाम लेकर जैसे विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, इशांत शर्मा आदि का नाम लेकर कहा कि ये खिलाड़ी पढ़ने लिखने में बहुत अच्छे नहीं रहे लेकिन खेलों के माध्यम से उन्होंने पूरी दुनिया में अपना नाम ही नही, अपने मां-बाप का नाम ही नही अपितु देश का नाम भी रोशन किया है।

उन्होंने अपनी बात को आगे बढाते हुए कहा कि विद्या मंदिरों में विधार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है जिसमें खेल भी एक महत्वपूर्ण अंग है। स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य आदि उपस्थित रहे।

# भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा सहसपुर

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर क्षेत्र के नौगांव मांडूवाला में ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीर जवानों के शौर्य और बलिदान की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत आयोजन में राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल ने भाग लेकर जनसमूह का उत्साहवर्धन किया।तिरंगा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। लोगों के चेहरों पर गौरव और गर्व का भाव स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने भारत को वह आत्मबल दिया है, जहाँ आतंक के विरुद्ध अब शब्द नहीं, संकल्प बोलता है।

## एक नजर .......

### नंद किशोर को बनाया गया अध्यक्ष

**कोटद्वार।** क्षेत्र के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में नंद किशोर को अध्यक्ष चुना गया है। इस संबध में मंगलवार को पदमपुर में संघ की आयोजित बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नंद किशोर को अध्यक्ष, विनोद सिंह नेगी को उपाध्यक्ष, दिनेश असवाल को कोषाध्यक्ष, अभिषेक नेगी को सचिव और मोहन चंद्र को मीडिया प्रभारी चुना गया। वीरेंद्र बुड़ाकोटी, सुरेंद्र घिल्डियाल, जीत सिंह रावत, शकुंतला मधवाल, राहुल उनियाल, सुनील अग्रवाल, संजय कुकरेती, विवेक शर्मा, चंद्रमोहन नेगी, पपेंद्र नेगी व कुलदीप सकलानी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया डिजिटल कार्व एंड हैंडीक्राफ्ट फर्म का दौरा

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कोटद्वार के गाड़ीघाट क्षेत्र में स्थित डिजिटल कार्व एंड हैंडीक्राफ्ट नामक काश्तकारी फर्म का दौरा किया। इस फर्म का संचालन युवा उद्यमी सेहवाल रावत द्वारा किया जा रहा है, जो उत्तराखंड की पारंपरिक कला और सांस्कृतिक धरोहरों को आधुनिक तकनीक जैसे सीएनसी और लेजर कटिंग के माध्यम से सुंदर कलाकृतियों में ढालने का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने सेहवाल रावत के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल उत्तराखंड की सांस्कृतिक समृद्धि को संरक्षित कर रही हैं, बल्कि स्वरोजगार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। सेहवाल रावत वर्ष 2017 से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक अपने कार्यों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक छवि को देशभर में पहचान दिला चुके हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार की स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण लेकर इस व्यवसाय की शुरुआत की गई थी।आज वे स्वयं आत्मनिर्भर बनकर 20 अन्य युवाओं को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सेहवाल रावत जैसे युवा उद्यमियों की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

### रोटरी क्लब ने डॉ संध्या नेगी के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

**कोटद्वार।** रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्लब की सदस्य व मालिनी वैली कालेज ऑफ एजुकेशन की भूतपूर्व प्राचार्या डॉ संध्या नेगी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। रोटरी भवन मे आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि वे एक कर्मठ एवं जुझारू महिला थी। वे रोटरी के कार्यक्रमों व बैठकों में निरंतर शामिल होती थी। कहा कि उन्हें शिक्षा जगत मे उत्कृष्ट कार्यों के लिए हमेशा याद किया जायेगा। मौके पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्य करने वालों में अध्यक्ष गुरूबचन सिंह, सचिव डीपी सिंह, सचिन गोयल, विजय कुमार माहेश्वरी, वाईपी गिलरा, अनीत चावला, अशोक अग्रवाल और गोपाल बंसल सहित क्लब के सभी सदस्य शामिल रहे।

### लाखामंडल कालेज में भारतीय भाषाओं को समर्पित 'समर कैंप' का शुभारंभ

**चकराता।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत बहुभाषिता और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, लाखामंडल में आज से एक सप्ताहीय भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ हुआ। यह विशेष आयोजन 27 मई से 2 जून 2025 तक चलेगा।

शुभारंभ समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसमें स्थानीय विद्यालयों राजकीय प्राथमिक विद्यालय लाखामंडल, धौईरा पुड़िया, महाशिव विद्या मंदिर, प्रीतम मेमोरियल स्कूल और अवनी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर विविध भाषायी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें योग, आसन, प्राणायाम, गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, नेपाली, संस्कृत, पंजाबी और बंगाली जैसी भाषाओं में आत्म-परिचय, गीत गायन एवं संवाद की गतिविधियाँ प्रमुख रहीं।

### चार साल के अरजान ने ब्राइट एंजेल्स स्कूल का किया नाम रोशन

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर के शिशु सदन के छात्र अरजान ने एक नया इतिहास रचते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। अरजान ने 4 वर्ष की आयु में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द इंडियन गोल्फ टूर्नामेंट सब जूनियर व जूनियर एफ कैटगरी में स्कूल का तो मान बढ़ाया साथ ही उन्होंने अपने माता पिता का भी मान सम्मान बढ़ाया। टूर्नामेंट 24 से 26 मई तक फॉरेस्ट गोल्फ रिसोर्ट मोहाली चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था। स्कूल के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व प्रधानाध्यापिका राणा अल्मास ने अरजान को उनके भविष्य के शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल खिलाड़ी निकिता तोर सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर। राष्ट्रीय स्तर की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी कुमारी निकिता तोमर को महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया सम्मानित। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर के प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ, योगेश भट्ट ने कुमारी निकिता तोमर को खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। निकिता ने राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। निकिता निशुल्क प्रशिक्षण भी देती हैं और तीन बार राष्ट्रीय स्तरीय खेल में प्रतिभाग कर चुकी हैं।

# कांग्रेसियों ने जवाहर लाल नेहरू को पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** तिलक भवन विकासनगर में कांग्रेसियों ने एकत्र होकर राष्ट्र के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया और उन्हें अपने-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए, नेहरू जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि आज सिर्फ चंद वोट पाने के लालच में



दक्षिणपंथी विचारधारा पंडित नेहरू जैसे शानदार व्यक्तित्व के संदर्भ में व्हाट्सप्प और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार झूठी बातें फैला कर उनका चरित्रहनन करने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है और ऐसा करने ये लोग युवाओं का ही भविष्य बर्बादी की ओर ले जा रहे हैं।

संचालन कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग एवं अध्यक्षता पीसीसी सदस्य संजय जैन ने किया। स्वर्गीय नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय किशोर, महिला प्रदेश सचिव बीना चौहान, यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक चौहान, सोशल मीडिया के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह, राजीव शर्मा, मोहम्मद नईम, युवा नेता संयम जैन, आकाशदीप गुप्ता, हर्बर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, संदीप भटनागर, गोपाल डंग सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मिलित रहे।

# देशभक्ति के रंग में रंगा चकराता बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत वीर जवानों की शौर्यगाथा और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को चकराता बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में किशोरी लाल सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह तिरंगा यात्रा बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक ज्योति प्रसाद गैरोला के नेतृत्व में चुंगी चौक से प्रारंभ होकर चौक बाजार तक निकाली गई। यात्रा के दौरान गैरोला ने कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता के कारण ही आज हम शांति से अपने घरों में सुरक्षित हैं। पूर्व राज्य मंत्री टीकाराम शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम को नंदलाल भारती, मोनिका अग्रवाल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मीता सिंह, मंडल अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, जिला मंत्री नवीन रावत, प्रदेश महामंत्री (जनजाति मोर्चा) राजवीर राठौड़, कैंट बोर्ड सभासद अनिल चांदना, मंडल मंत्री कृपाल नेगी, सुभाष रावत, विवेक अग्रवाल, केसर सिंह चौहान, नारायण राणा, तीर्थ कुकरेजा, हरबंस कुकरेजा, मंडल उपाध्यक्ष मोनित दुसेजा, राजेंद्र चौहान, नरेंद्र नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदन चौहान, भजनलाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने किया दस करोड़ की सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने मंगलवार को करीब दस करोड़ रूपए कीमत की लागत से बनने वाली हरबर्टपुर-जीवनगढ़ बाईपास मार्ग का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सूबे के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करना था, लेकिन कार्यक्रम में उनकी अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही, हालांकि उनकी अनुपस्थिति का कारण अन्य कार्यक्रमो में व्यस्त होना बताया गया।

बता दें कि उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के हरबर्टपुर आसन बैराज मार्ग से अम्बाड़ी जीवनगढ़ तक कैनाल रोड़ सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य

**■ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही**

किया जाना है, करीब साढ़े दस किलोमीटर लम्बे इस मार्ग की लागत लगभग दस करोड़ रूपए बताई जा रही है। जिससे न केवल विकासनगर शहर में यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि स्थानीय लोगों व ग्रामीणो को इस मार्ग से अन्य लाभ भी मिलेंगे। इस मौके पर डा. भंडारी, वीरेंद्र सिंह बॉबी, प्रदीप सोनी, सभासद सबल सहरावत, अंकित चौहान, लवलेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह चौहान, संजय गुप्ता, रोशन नेगी, खालिद मंसूरी व विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# विकासनगर में अहिल्या मैराथन का हुआ आयोजन

**विकासनगर।** भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय तोमर के द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर अहिल्या मैराथन का आयोजन किया गया। अहिल्या मैराथन को विधायक मुन्ना चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर द्वारा फ्लैग ऑफ कर होटल यात्रिक से दौड़ शुरू की गई। मैराथन में सैकड़ो युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमे ललित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओंकार चौहान दूसरे एवं सागर तीसरे स्थान पर रहे। जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने बताया की अहिल्याबाई होळकर ने अपने जीवन काल में राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया।

# 26 दिनों की यात्रा में छह लाख का आंकड़ा पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या छः लाख पार हो गई है। मात्र 26 दिनों की यात्रा में यह आंकड़ा पार हो गया है। बाबा के दरबार में आने वाले भक्तों का तांता लग रहा है। पहले जहां 23 हजार के करीब भक्त बाबा के दर्शनों को पहुंच रहे थे, वहीं अब 25 हजार से ज्यादा भक्त केदार के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। बाबा के भक्तों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

**यात्रा में पर्यावरण का भी रखा जा रहा विशेष ध्यान**

रुद्रप्रयाग। बाबा केदार की यात्रा में जिला प्रशासन की ओर से पर्यावरण का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जवाड़ी बाईपास में केदारनाथ धाम जाने वाले भक्तों को कूड़ा बैग दिए जा रहे हैं। इन बैगों में भक्त खाने-पीने की चीजों का उपयोग करने के बाद



प्लास्टिक-कचरा इसमें रख सकते हैं और निर्धारित जगहों पर बनाए गए कूड़ादान सेंटरों में फेंक सकते हैं, जहां से उठाकर इस कचरे को कूड़ा डम्पिंग जोन में पहुंचाया जा रहा है। केदारनाथ हाईवे के जगह-जगह कूड़ादान बनाए गए हैं, जिनका लाभ स्थानीय लोगों के साथ ही तीर्थयात्रियों को मिल रहा है। साथ ही इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी बचाया जा रहा है। प्रसिद्ध पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र बद्री ने कहा कि जिला प्रशासन की यह शानदार पहल है। धाम पहुंच रहे श्रद्धालुओं को कूड़ा बैग दिया जा रहा है। यह बैग पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त है, जबकि इसमें प्लास्टिक कचरा रखने के बाद सुरक्षित स्थान पर भी पहुंचाया जा रहा है, जिससे इसका निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हाईवे किनारे बनाए गए ये कूड़ादान काफी फायदेमंद साबित हो रहे हैं।

# केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को मिली जाम के झाम से राहत

**रोहित डिमरी**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों को इस बार जाम के झाम से राहत मिल रही है। पिछले वर्षों तक जहां यात्रा मार्ग में लगने वाले जाम से श्रद्धालुओं को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता था, वहीं इस बार ऐसा कई भी नहीं देखने को मिल रहा है। जवाड़ी बाईपास से निकलकर तीर्थयात्री आसानी से सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं। वहीं, प्रशासन की ओर से जगह-जगह बनाई गई पार्किंग तीर्थयात्रियों के लिए राहत देने का काम कर रही हैं।

वर्ष 2025 की केदारनाथ यात्रा नये आयाम छूने जा रही है। मात्र 26 दिनों की यात्रा में छः लाख का आंकड़ा पार हो गया है। इस बार की यात्रा में जो सबसे ज्यादा राहत देने का काम किया

**■ जिला प्रशासन की पहल से हाईवे पर जगह-जगह बनाए पार्किंग स्थल का मिल रहा लाभ, सही समय पर किया डेंजर जोन स्थलों का ट्रीटमेंट ,देश-विदेश से बाबा की यात्रा पर आ रहे श्रद्धालु लेकर जा रहे सुखद यात्रा का संदेश**

है, वह केदारनाथ हाईवे ने दिया है। हाईवे पर जगह-जगह जहां जिला प्रशासन ने पार्किंगों का निर्माण किया है, वहीं हाईवे की बदहाल स्थिति को भी सुधारा गया है। हाईवे के फाटा में बीते 11 सालों से राजमार्ग काफी संकरा होने के साथ ही पहाड़ी से पत्थर गिरने का भय बना रहता था, वहीं इस समस्या का समाधान होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है। इसके अलावा कुंड से गुप्तकाशी के बीच लगने वाले लम्बे जाम से भी निजात मिल गई है। ब्यूंगगाड़, सीतापुर सहित अन्य स्थानों पर भी राजमार्ग के डेंजर प्वाइंटों को सुरक्षित किया गया है। केदारनाथ हाईवे के जगह-जगह नासूर बने डेंजर जोन का ट्रीटमेंट किया गया है तो कई जगहों पर पार्किंगों का भी निर्माण किया गया है। यात्रा मार्ग के जगह-जगह तैनात पुलिस और यात्रा मैनजमेंट फोर्स की टीमें तीर्थयात्रियों की मदद में जुटी हुई हैं। केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्री जहां पहले हाईवे के कई स्थानों पर लगने वाले जाम और डेंजर प्वाइंटों से परेशान रहते थे, वहीं पार्किंग की सुविधा नहीं होने से भी उन्हें दिक्कतें होती है। मगर अब जिला प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की इस समस्या का समाधान करके यात्रियों की यात्रा को आसान बना दिया है।

इन जगहों पर बनाई गई है पार्किंग

रुद्रप्रयाग। चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह पार्किंग का निर्माण किया गया है। इनमें रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र के पुनाड़ गदेरा, तिलवाड़ा, बेलनी, अगस्त्यमुनि-देवल, गिवाणा, काकड़ागाड़, सोनप्रयाग बाजार, सोनप्रयाग शटल व गौरीकुंड शटल में पार्किंग की सुविधा मिल रही है, जबकि स्यालसौड़, मैखण्डा में पार्किंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पार्किंगों के निर्माण से देश-विदेश से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत राहत मिल रही है। जिला स्तरीय प्राधिकरण की देख-रेख में पार्किंगों का संचालन हो रहा है और इनसे अर्जित होने वाली आय को जिले के विकास में लगाया जा रहा है। पार्किंगों में हर दिन कितने वाहन आ रहे हैं और कितने जा रहे हैं, इसका पूरा डेटा रखा जा रहा है। डीएम डॉ सौरभ गहरवार ने कहा कि केदारनाथ हाईवे के साथ ही अन्य मार्गों में बनाई गई पार्किंग से तीर्थयात्रियों में खुशी देखने को मिल रही है। केदारनाथ यात्रा मार्ग की पार्किंग स्थलों में यात्रियों के लिए दुकानें भी खोली गई हैं, जिसमें खाने-पीने की उचित व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा शौचालय भी स्थापित किए गए हैं, जहां सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बताया कि इन पार्किंग स्थलों में चार हजार वाहनों को पार्क करने की क्षमता है।

# डॉ.रमेश चन्द्र पुरोहित ने पांचवीं देवभूमि : 25 बालिकाओं को सम्मान निधि के चैक सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकास खंड थराली के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुराड़ में पांचवीं देवभूमि बालिका सम्मान निधि के चौकों का वितरित किया गया। मंगलवार को कुराड़ गांव में देवभूमि बालिका सम्मान निधि के चौकों के वितरण के तहत एक समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें 25 बालिकाओं को सम्मान निधि के चौक सौंपे गए।इस मौके पर निधि का अपने संसाधनों से बालिकाओं को वितरण करने वाले पूर्व प्राचार्य एवं कुराड़ गांव के मूल निवासी डॉ.रमेश चन्द्र पुरोहित ने कहा कि होनहार किंतु आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को बेहतरी के लिए सभी लोगों को अपनी सामर्थ के अनुसार कार्य करना चाहिए इसी सोच के तहत उन्होंने वर्ष



2021 सम्मान निधि का विवरण करने का फैसला लिया और पहले वर्ष में 25 छात्राओं को निधि का विवरण किया। इसके तहत उन्होंने गांव की दिव्यांग, असहाय, अनाथ एवं अति गरीब बालिकाओं को निधि के चौक बांटे और तब से प्रति वर्ष सम्मान निधि का विवरण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर निवर्तमान ग्राम प्रधान हरीश ज्योति,निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य भास्कर पाण्डे ने डॉ पुरोहित के द्वारा पिछले 5 वर्षों से अपने गांव की जरूरतमंद बालिकाओं को जिस तरह से सम्मान राशि का वितरण किया जा रहा है वह सराहनीय हैं। पिछले वर्षो इस राशि से कई प्रतिभाशाली बालिकाओं को आगे बढ़ाने का मौका मिला है।

इस मौके पर गांव के हरि बल्लभ शास्त्री और डॉ.बुद्धि बल्लभ देवराड़ी ने बालिकाओं के विकास के समिति बैंक खाता खोल कर धन राशि जुटाने एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए उसे खर्च करने की बात कही।इस मौके पर गांव के , शिबू पुरोहित, मनोज पुरोहित, तुला राम देवराड़ी, शिक्षक परेश्वर प्रसाद देवराड़ी आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन आंगनबाड़ी कार्यकत्री दीपा देवराड़ी ने किया।

# पथराव की जड़ बनी पान की दुकान पुलिस ने हटवाई

## अराजक तत्वों का अड्डा बना हुआ था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा इलाके में दो दिन पहले हुए पथराव की जड़ एक पान की दुकान निकली। यह दुकान एक ट्रांसफार्मर की दीवार से सटी हुई थी और 24 घंटे खुली रहती थी, जिससे यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गई थी। पुलिस ने बीते सोमवार को इस दुकान पर कार्रवाई करते हुए दुकानदार समेत 10 लोगों का चालान किया था और अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया था। जब निर्देश का पालन नहीं हुआ तो मंगलवार को बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने पुलिस टीम और यूपीसीएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दुकान को हटवा दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि रविवार रात दो समुदायों के बीच हुए पथराव की शुरुआत इसी पान की दुकान से हुई थी। यह दुकान मछली बाजार और गांधी नगर के बीच, बिलाली मस्जिद चौराहे पर ट्रांसफार्मर से सटी हुई थी। लकड़ी और टीन से बनी यह दुकान सुरक्षा के लिहाज से भी खतरनाक मानी जा रही थी। रविवार रात हुए इस पथराव के मामले में पुलिस ने चार नामजद और 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अब तक तीन आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि देर रात तक दुकान के आसपास भीड़ जमा रहती थी, जिससे न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि ट्रांसफार्मर और आसपास के लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ था। मंगलवार को दुकान के साथ-साथ सड़क पर किए गए अन्य अतिक्रमणों को भी हटाया गया। सुरक्षा के लिहाज से अब क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## घर से कोचिंग गई किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** कोचिंग के लिए घर से निकली एक किशोरी लापता हो गई है। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गायत्री कॉलोनी जगदंबा नगर निवासी सोनी राजपूत ने पुलिस को सौंपी गुमशुदगी में कहा कि उनकी 16 वर्षीय बेटी स्वाति 26 मई की सुबह करीब साढ़े 9 बजे कोचिंग के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वह वापस नहीं लौटी। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# नेहरू का योगदान देश याद रखेगा

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री को कांग्रेसियों ने याद किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आधुनिक भारत के निर्माता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मनोज शर्मा और अभिनव छिमवाल ने कहा कि आजादी के बाद जब देश अभाव और संघर्ष की स्थिति में था, तब भारत को नेहरू जैसा दूरदर्शी और वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाला नेता मिला। पंडित नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभर में यात्राएं कर आमजन के दु:ख-दर्द को महसूस किया और वर्षों जेल में रहकर स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। राजेंद्र उपाध्याय, गोविंद बगड़वाल और संजू उप्रेती ने कहा कि आज भारत जिन क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है, उसकी नींव नेहरू की दूरदर्शिता ने ही रखी थी। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू द्वारा स्थापित एम्स जैसी संस्थाएं आज भी पूरे देश और विश्व को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आज़ादी और नव निर्माण में नेहरू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं दूसरी ओर आधुनिक भारत के निर्माता और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा मंगलवार को एक बैंक्वेट हॉल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष कुंदन नेगी, ब्लॉक प्रभारी राजेंद्र खनवाल, पूर्व प्रमुख भोला दत्त भट्ट, नीरज तिवारी, महेश कांडपाल, संजय बिष्ट, जया कर्नाटक, किरण महरा, मनोज बिष्ट, पार्षद भागरथी बिष्ट, मधु सांगुड़ी, बिमला सांगुड़ी, नीलू नेगी, पुष्पा तिवारी, राधा चौधरी हरेन्द्र चौरसिया, पवन जोशी, हरीश बिष्ट, राकेश वर्मा, अशोक जोशी, देवकी आर्य, एनसी दुर्गापाल, संजय, दान सिंह, नीरज नेगी, नीरज जोशी, हेमू पडलिया आदि मौजूद रहे।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दी जाए कड़ी सजा

## बैठक में पूर्व सैनिकों ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागेश्वर जनपद के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ला पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बाद पूर्व सैनिकों में रोष व्याप्त है।

मंगलवार को जिला पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कर्नल शुक्ला की घोर निंदा करते हुए उन्हें सेना की छवि पर कलंक बताया और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। बैठक में बताया गया कि कर्नल सुबोध शुक्ला ने उपनल के अंतर्गत कार्यरत एक ईमानदार संविदा कर्मचारी से सेवा विस्तार के एवज में रिश्वत की मांग की। कर्मचारी द्वारा इसकी सूचना विजिलेंस विभाग को दी गई, जिसके बाद कर्नल शुक्ला को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। इस घटना से पूर्व सैनिकों में गहरा आक्रोश है। जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल बीएस रौतेला ने कहा कि कर्नल शुक्ला की यह हरकत पूरे सैनिक कल्याण विभाग को बदनाम करने वाली है। उन्होंने बताया कि शुक्ला पूर्व में हल्द्वानी में भी कार्यरत थे और उस समय भी उनके खिलाफ शिकायतें शासन को भेजी गई थीं। जिसके बाद उन्हें चमोली और फिर बागेश्वर स्थानांतरित किया गया। लेकिन यहां भी उन्होंने भ्रष्टाचार कर विभाग की गरिमा को ठेस पहुंचाई। कर्नल रौतेला ने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग, जो ईमानदारी और सेवा भाव का प्रतीक माना जाता है, उसमें इस तरह के भ्रष्ट अधिकारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शासन से अपील की कि ऐसे मामलों में कठोरतम कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई न जा सकें। बैठक में कर्नल बीएस रौतेला, मेजर केएस महर, कैप्टन प्रमोद शर्मा, कैप्टन सुरेश भट्ट, सूबेदार मेजर डीएस कन्याल, सूबेदार पीएस परिहार, नायक गणेश चंदौला आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**हल्द्वानी।** एक युवक अपने मौसेरे भाई के साथ बाइक में सवार होकर हल्द्वानी से पीलीभीत अपने घर जा रहा था तभी वह किच्छा के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। बाइक सवार दोनो घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने राम कुमार को मृत घाषित कर दिया। जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार (35) राम कुमार मूल रूप से पीलीभीत के बीसलपुर रोड स्थित सिसइया गांव का रहने वाला था और वह पिछले कई सालों से हल्द्वानी कमलुगांजा में रहता था। बताया जा रहा कि रामकुमार यहीं रहकर टाइल-पत्थर लगाने का काम करता था। मृतक रामकुमार के छोटे भाई मान सिंह ने बताया कि राम कुमार मंगलवार की सुबह अपने मौसेरे भाई तेज बहादुर के साथ पीलीभीत माता-पिता से मिलने के लिए जा रहा था। बताया जा रहा कि जैसे ही वह सुबह नौ बजे के आस-पास किच्छा के पास पहुंचे तो तभी एक निजी स्कूल की बस ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने रामकुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि तेज बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# भारतीय भाषा समर कैंप शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, पतलोट में मंगलवार से भारतीय भाषा

### विविध भाषाओं की दिखी सांस्कृतिक झलक

समर कैंप का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सीबीएसई और उत्तराखंड शिक्षा विभाग के निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जो 27 मई से 2 जून तक संचालित किया जाएगा। शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष साह की अध्यक्षता में हुई। पहले दिन संस्कृत, भोजपुरी, गढ़वाली, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में अभिवादन, संवाद, लेखन, चुटकुले, स्लोगन और नृत्य जैसे गतिविधियों के माध्यम से भाषाई विविधता की अनूठी प्रस्तुति दी गई। डा. कमल चंद्र बेलवाल ने संस्कृत भाषा की महत्ता और अभिव्यक्ति के तरीके साझा किए। जबकि प्रवक्ता, अर्थशास्त्र सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने भोजपुरी भाषा के व्यावहारिक पक्ष पर रोशनी डाली। इनके अलावा संजय कुमार व शेर सिंह बिष्ट ने गढ़वाली भाषा में संवाद और सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी दी। बुशरा फिरदौस ने उर्दू भाषा की मिठास को रोचक उदाहरणों के साथ बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मौके पर 58 छात्र-छात्राओं और 6 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## कैलाश यात्रियों का स्वागत

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा के चतुर्थ दल के पहुंचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों को माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया। इस दौरान यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत कार्यक्रम में दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। यात्रियों को प्रात: पूजा अर्चना करने के बाद दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0 डि0) महोदय रूद्रप्रयाग।**

प्र0 वा0सं0-01./2025

**प्राथनी:**- रूकमणी देवी पत्नी स्व0 कलम सिंह राणा निवासी ग्राम- पठाली पट्टी परकण्डी, तहसील ऊखीमठ जिला-रुद्रप्रयाग।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण:**- 1-निर्मल सिंह राणा पुत्र स्व0 श्री कलम सिंह राणा निवासी ग्राम- पठाली पट्टी परकण्डी, तहसील ऊखीमठ जिला-रूद्रप्रयाग। 2-पंकज सिंह पुत्र स्व0 श्री कलम सिंह राणा, निवासी ग्राम- पठाली पट्टी परकण्डी, तहसील ऊखीमठ जिला-रूद्रप्रयाग। 3-ग्राम प्रधान पठाली तहसील ऊखीमठ जिला-रुद्रप्रयाग। 4-आम व खास

**अदालती सूचना**

क्योंकि प्राथनी ने मेरे न्यायालय में एक प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 372 कानून संख्या-7 मृतक स्व0 कलम सिंह राणा के नाम उप डाक घर ऊखीमठ रुद्रप्रयाग में खाता सं0-5447217251 में मु0-5,32066/- रूपये (पाँच लाख बत्तीस हजार छयासठ रूपये) उत्तराधिकार प्रमाणपत्र चाहने हेतु एक प्रार्थनापत्र मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 16.06.2025 को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

मुंसरिम

सिविल जज (सी0डि0)

रुद्रप्रयाग।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि जंगल से टीपीनगर पुलिस ने एक शराब तस्कर को दो पेटी अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि टीपीनगर चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल दिगंबर दत्त सनवाल, कांस्टेबल प्रयाग जोशी और वंशीधर जोशी क्षेत्र में गश्त कर रही थे तभी टीम ने ओपन यूनिवर्सिटी से जंगल के रास्ते जीतपुर नेगी के रास्ते में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा जो टीम को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो पेटी अवैध देसी शराब की बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सौरभ गुप्ता पुत्र हरीश चंद्र गुप्ता निवासी धनपुरी, आनंदपुर, हल्द्वानी बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# शीशमहल चौराहे पर बढ़ते हादसों ने बढ़ाई चिंता

## चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी।** शीशमहल चौराहे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसडीएम राहुल साह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने शीशमहल चौराहे को सुरक्षित बनाने की मांग करते हुए कहा कि शीशमहल चौराहा अत्यधिक व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोगों की



जान भी जा चुकी है। चौराहे के पास मंदिर भी स्थित है और सुबह-शाम स्कूली बच्चों, आम नागरिकों और पर्यटकों की भारी आवाजाही रहती है। समिति के राजेंद्र सुयाल और चंद्रमोहन ठाकुर ने बताया कि इस चौराहे से न केवल स्कूली बच्चे गुजरते हैं, बल्कि गैस गोदाम और गौला की ओर जाने वाले भारी वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। नैनीताल की ओर से आने वाले पर्यटक, विशेषकर दोपहिया वाहन चालक, तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे चौराहे पर हादसे का खतरा बना रहता है। समिति ने मांग करते हुए कहा कि शीशमहल चौराहे पर या तो ट्रैफिक सिग्नल (लालबत्ती) लगाया जाए या फिर प्रभावी स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और स्कूली बच्चों सहित आम नागरिक सुरक्षित रह सकें। ज्ञापन देने वालों में डा. बालम सिंह बिष्ट, ईशाक खान, वीरेंद्र नेगी, नीरज आर्य, गोपाल कुमार आदि मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार की सुबह काठगोदाम क्षेत्र में नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने काठगोदाम नारीमन, रेलवे चौराहा सहित कई क्षेत्रों में साफ-सफाई व अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया और कई स्थानों पर गंदगी मिलने पर तुरंत सफाई के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से काठगोदाम क्षेत्र के पास अवैध अतिक्रमण चिन्हित कर उसे मौके पर ही हटाया गया। क्षेत्र में कुछ स्थानों पर खुले में कूड़ा फेंके जाने और गंदगी फैलाने की शिकायतों की पुष्टि होने पर नगर आयुक्त ने संबंधित लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की सफाई टीम और प्रवर्तन दल भी मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और नगर निगम द्वारा निर्धारित कूड़ेदान का उपयोग करें। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण को पूरी तरह हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम पहचान पत्र में **युवराज सिंह खेरा** दर्ज है। जबकि, नगर निगम ऋषिकेश से जारी जन्म प्रमाण-पत्र पंजीकरण संख्या **2322** में नाम **युवराज सिंह** अंकित है। पुत्र का सही नाम **युवराज सिंह खेरा** है। मेरा नाम **जयप्रीत सिंह खेरा** है और पत्नी का नाम **रतिंदर कौर खेरा** है। इसी जन्म प्रमाण-में मेरा नाम **जयप्रती सिंह** और पत्नी का **रतिंदर कौर** अंकित किया गया है। जन्म प्रमाण-पत्र में पुत्र का नाम **युवराज सिंह खेरा**, मेरा नाम **जयप्रीत सिंह खेरा** व पत्नी का नाम **रतिंदर कौर खेरा** अंकित किया जाए।

**श्री जयप्रीत सिंह खेरा पुत्र श्री ऋषिपाल सिंह**

निवासी- ग्राम जोगीवाला, पोस्ट छिद्दरवाला, चकजोगीवाला, जिला देहरादून।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।**

दूरभाष नं0:-0135-2832251 फैक्स स0 0135-2632039

E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक: 1568/ अधि0अधि0/2025-26 दिनांक:-26/05/2025

**संशोधित निविदा सूचना**

पालिका द्वारा दिनांक 30-05-2025 को वार्ड सं0 7 क्षेत्रान्तर्गत पीक व्यू के निकट स्थित नाले के पुस्ते का नवनिर्माण की निविदा सूचना प्रकाशित कर आमन्त्रित की गयी थी, जिसमें निम्न सारणी के अनुसार सशोंधित निविदा सूचना पुन: प्रकाशित की जा रही है शेष निविदा का दिनांक व अन्य सूचना तथा शर्ते यथावत रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि जी0एस0टी0 अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वार्ड सं0 7 क्षेत्रान्तर्गत पीक व्यू के निकट स्थित नाले के पुस्ते का नवनिर्माण | 7,46,000.00 | 15000.00 | 1000.00 | 1 माह | 1 माह |

**अधिशासी अधिकारी**

नगर पालिका परिषद् मसूरी।

**सूचना**

श्री सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय बसुकेदार जनपद रुद्रप्रयाग के साधारण सभा के सदस्यों को अवगत करवाना है कि दिनांक 18/06/2025 को प्रबन्ध समिति का गठन किया जाना है।

**चुनाव कार्यक्रम** -

1- नामांकन- प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक।

2- नामांकन वापसी- 10:30 से 11:00 बजे तक।

3- नामांकन पत्रों की जांच- 11:00 बजे से 11:15 बजे तक

4- मतदान - 11:15 बजे से 12:00 बजे

5- मतगणना का परिणाम- 12:15 से 01:00 बजे तक

**प्रबन्धक**

श्री सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय

बसुकेदार जनपद रुद्रप्रयाग।

**न्यायालयः न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, टिहरी गढ़वाल।**

मूल वाद सं०-26 सन-2025

श्रीमती अनीता सिलस्वाल

**बनाम**

शशिकान्त सिलस्वाल

**प्रेषित-** शशिकान्त सिलस्वाल पुत्र स्व० तेजराम सिलस्वाल निवासी ग्राम-काखिल (बीड़धार), पट्टी-धारअकरिया, तहसील-नरेन्द्रनगर, जिला-टिहरी गढ़वाल हाल-निकट GIC, तपोवन, तहसील-नरेन्द्रनगर, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

चूंकि श्रीमती अनीता सिलस्वाल ने आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद के लिए एक वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख **30-06-2025** को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं हाजिर हों। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह काउंसलिंग के लिए, वाद के अन्तिम निपटारे के लिए तथा दावे का उत्तर देने के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है, और यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इरा न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 24-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**

**प्रबन्धक/रीडर**

**कुटुम्ब न्यायालय**

**टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर, टिहरी, नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।**

रे०वाद०सं०-41 सन-2023-24

श्रीमती मुन्नी देवी आदि

**बनाम**

जगदीश प्रसाद आदि

**नोटिस बनाम-** 1. जगदीश प्रसाद, 2. पदम दत्त पुत्रगण सत्येश्वर, 3. विमल, 4. कमलेश पुत्रगण भगवती प्रसाद, 5. नौमी देवी पत्नी भगवती प्रसाद, 6. प्रवेश पुत्र जीतराम, 7. महावीर प्रसाद, 8. सुनील पुत्रगण गुरूप्रसाद, 9. जौतारी देवी पत्नी गुरूप्रसाद, 10. ओमप्रकाश, 11. शैलेन्द्र, 12. लोकेन्द्र पुत्रगण स्व० विद्यादत्त, 13. शंकर दत्त पुत्र वृजमोहन, 14. कीर्तिदत्त पुत्र महेशानन्द, 15. सुन्दर लाल पुत्र महेन्द्रदत्त, 16. दिनेश, 17. नरेश, 18. राजेन्द्र पुत्रगण परमानन्द, 19. विन्देश्वरी पत्नी परमानन्द, 20. कैलाश, 21. सुभाष पुत्रगण लक्ष्मीप्रसाद, 22. उषा देवी पत्नी लक्ष्मीप्रसाद, 23. शुभम पुत्र लाखीराम, 24. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी लाखीराम सभी निवासीगण ग्राम-पाटा, पट्टी-सारज्यूला, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल, 25. ग्राम पंचायत पाटा द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत पाटा पट्टी-सारज्यूला, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण द्वारा एक वाद अन्तर्गत धारा-176 उ०प्र०/उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश अधि० का इस न्यायालय में प्रस्तुत कर रखा है जिसमें जवाबदावा हेतु तिथि **09-06-2025** की नियत है, यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप उक्त तिथि पर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा उक्त वाद में एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

आज दिनांक 19 माह 05 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**

**वाचक**

**असिस्टेन्ट कलक्टर**

**धनोल्टी, टिहरी गढ़वाल**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:** **एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**स्थानीय सम्पादक** **चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**

मोबाइल-9720007290

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508, सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट : www.ujvnl.com

प.सं. 370 **निविदा सूचना** दि0: 27.05.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण) व्यासी परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

**1. निविदा संख्या एवं कार्य का नाम** : 04/2025-26/EE(C-M)Vyasi Project, "व्यासी परियोजना के विद्युत गृह काम्पलैक्स, हथियारी, देहरादून, के साइट कार्यालय की वार्षिक साफ-सफाई, रख रखाव एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (**वर्ष-2025-26**)"

**2. निविदा संख्या एवं कार्य का नाम** : 05/2025-26/EE(C-M)Vyasi Project, "व्यासी परियोजना हथियारी में विद्युत गृह भवन, एच0आर0टी0 एवं सर्ज शाफ्ट के बाहरी क्षेत्रों में वार्षिक साफ-सफाई एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (**वर्ष-2025-26**)"

**3. निविदा संख्या एवं कार्य का नाम** : 06/2025-26/EE(C-M)Vyasi Project, "व्यासी परियोजना के डाकपत्थर, देहरादून स्थित जानपद अनुरक्षण कार्यालयों से सम्बन्धित वार्षिक रख-रखाव एवं अन्य कार्य (**वर्ष-2025-26**)"

**अनुमानित लागत (क्रमशः)** 1- ₹ 8,02,512.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त), 2- ₹ 8,41,570.40 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त), 3- ₹ 9,59,262.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि (क्रमशः)** 1-27.05.2025 सांय 17:00 बजे से, 2-27.05.2025 सांय 17:00 बजे से, 3-28.05.2025 सांय 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि (क्रमशः)** 1-18.06.2025, सांय 15:30 बजे तक 2-18.06.2025, सांय 15:30 बजे तक, 3-19.06.2025, सायं 15:30 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें, निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जायेगें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)**

**व्यासी परियोजना, डाकपत्थर,**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमि०**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर (चमोली)**

कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्याः U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

एतदद्वारा विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए ए-क्लास लाइसेन्स धारक वर्ष 2025-2026 में नवीनीकरण व अनुभवी निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, डाकघर की सीडीआर/एफडीआर/एनएससी के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के नाम बन्धक हो तथा द्वितीय भाग में नियम शर्तें एवं दरें जो कि 180 दिनों के लिए वैध हो, निविदा निम्नवत् आमंत्रित की जाती है, निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेंगे जो कर्मचारी आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हो, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में विक्रय अथवा खोली जायेंगी एवं विवरण निम्नवत् हैः

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) रूपये में | धरोहर राशि | अनुमानित लागत लाख में | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2025-26 | उपखण्ड पोखरी के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत विभिन्न उपभोक्ताओं को एलटी /एचटी संयोजन अवमुक्त करने हेतु 11 केवी लाइन, एलटी लाइन एवं उपसंस्थानों का निर्माण एवं क्षमता वृद्धि का कार्य। मद एनएससी। | 1180.00 | 30000.00 | 10.00 | 10.06.2025 (12.00 बजे तक) | 11.06.2025 (12.00 बजे तक) | 11.06.2025 (14.20 बजे) |

पत्रांकः 229/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांकः 27/05/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

# IPL समापन समारोह के लिए खास तैयारी

**● ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनेगा, सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके आपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को आप. रेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है। देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था।सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया। सशस्त्र बलों के सम्मान में कुछ मुकाबलों से पहले राष्ट्रगान भी बजाया गया था।




## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**● आईपीएल-18 के 69वें मैच में मुंबई से किसी भी सीजन के टॉप स्कोरर बने सूर्या कुमार यादव**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे एमआई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। आईपीएल-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस के लिए किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 14 मैचों में 640 रन बना लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 2010 में 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने खुद ही इस सूची में तीसरा स्थान भी हासिल किया है, जब उन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सचिन तेंदुलकर एक बार फिर इस सूची में 553 रन (2011) के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके बाद लेंडल सिमंस ने 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाकर इस सूची में छठा स्थान हासिल किया है। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2025 सीजन में अब तक 14 बार 25+ रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने 2018 में 13 बार यह कारनामा किया था। इसी आंकड़े तक शुभमन गिल भी पहुंचे थे, जब उन्होंने 2023 सीजन में 13 बार 25+ रन बनाए थे। अब टी-20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25+ रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार के 25+ रन का रिकाड्र्स तोड़ा। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर बने। वे अब तक 32 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 31 छक्के लगाए थे। तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के जड़े थे। वहीं किरोन पोलार्ड (2013) और हार्दिक पांड्या (2019) ने 29-29 छक्के लगाकर इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पंजाब-मुंबई के बीच टॉस से पहले एक रोमांचक वाकया सामने आया। एमआई के कप्तान हार्दिक पांडडा जब टॉस के लिए बीच मैदान पर आ रहे थे, तब वे थोड़ी कन्फ्यूज दिखाई दिए। इसके लिए उन्होंने सूर्यकुमार यादव को बुलाया और अपनी दो में से एक उंगली चुनने के लिए कहा। सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद उनसे कहा- बैट फर्स्ट। इसका मतलब ये था कि अगर आप टास जीतें, तब आपको टीम के लिए

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**■ 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था: मैरी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है।

इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।



## पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर व सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पैरालंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72-35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61-17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता हैद्य उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56-11 और 55-51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## पीवी सिंधु-प्रणॉय सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को

**■ महिला एक वर्ग में सिंधु ने कनाडा की खिलाड़ी को हराया**

सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया।

एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मैच में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी।

## मैग्नस कार्लसन ने डी गुकेश को हराया

**■ महिला वर्ग में भारत की हम्पी ने वैशाली को हराकर शुरूआत की**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमे. रिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मो. हरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने विंडीज को किया क्लीन स्वीप

**■ इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की**

**■ हीथर नाइट ने नाबाद 66, नेट साइवर ने 37 और ऐमी ने 22 रन बनाए**

**चेम्सफर्ड, वार्ता।** हीथर नाइट (नाबाद 66) के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 17 रनों की जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रनों का स्कोर खड़ा। हीथर नाइट ने 47 गेंदों में (नाबाद 66) रनों की पारी खेली। नेट सायवर ब्रंट ने (37) और एमी जोंस ने (22) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। जायडा जेम्स और जे क्लैक्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं खेल सके। वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवांती रही। हेली मैथ्यूज ने 54 गेंदों में (75) रनों की पारी खेली। इसके अलावा रीलेआना ग्रिमोंड (15) और शबीका गजनबी (14) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल, एमिली आरलट, शार्लेट डीन और ललसी स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## रिंडरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।

# गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता सोना




**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनिशप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं।

पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38-63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43:84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46:82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।



### लक्सर में देर रात अस्पताल में घुसकर

# डॉ. दंपति पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला

**❖नकाब पहने हुए थे बदमाश, घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पुलिस तलाश में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र स्थित कोतवाली तिराहे के पास देर रात आर्यन हॉस्पिटल में हथियारबंद बदमाश घुस आए। बदमाशों ने हॉस्पिटल संचालक डॉ बाबूराम आर्य और उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर डाला। हमले में डॉ बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी पत्नी को भी चोट आई है। नकाबपोश बदमाश हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की धरपकड़ में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार डॉ बाबूराम आर्य के बेटे विकास आर्य ने बताया कि रात दो नकाबपोश बदमाश उनके हॉस्पिटल में घुस आए। दोनों बदमाशों ने हाथ में मस्कट हथियार और रस्सी साथ लेकर पहुंचे थे। सवा तीन बजे मरीज देखने के बाद उनके पिता बैठे ही थे कि बदमाशों ने उन पर हमला घर दिया। आवाज सुनकर डॉ बाबूराम की पत्नी भी जाग उठी। पत्नी को देख बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर दोनों बदमाश फरार हो गए। हमले में उनके पिता और माता को गंभीर चोटें आई। आवाज सुनकर वो और अन्य परिवार के सदस्य भी जाग गए। इसके बाद उन्होंने 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। विकास आर्य ने बताया कि करीब दो घंटे तक बदमाश हॉस्पिटल में छिपे रहे। जब उनके पिता मरीज देखने के बाद फ्री हुए तब घात लगाए बदमाशों ने हमला किया। बदमाशों के पास हथियार और रस्सी भी थी। सीढ़ियों के सहारे वो हॉस्पिटल की छत पर चढ़े। सीसीटीवी में चढ़ते हुए दिखाई भी दे रहे हैं।

वहीं क्षेत्र में घटना के बाद सनसनी मची हुई है। क्योंकि कोतवाली से महज चंद कदमों की दूरी पर ही आर्यन हॉस्पिटल स्थित है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

### कोतवाली से महज 100 गज की दूरी पर

# बदमाशों के तांडव से पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर बदमाशों ने ऐसा तांडव मचाया कि पुलिस व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो गए। एक निजी अस्पताल में सोमवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने अस्पताल संचालक व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। दो घंटे तक बदमाश परिसर में घूमते रहे और ष्धुरंधरष माने जाने वाले कोतवाल को इस पूरी वारदात की भनक तक नहीं लगी। न कोई गश्त आई, न कोई चौकसी दिखी। पुलिस की मुस्तैदी और जिम्मेदारी पर स्थानीय जनता ने सीधा सवाल दागा है।

**हॉस्पिटल के भीतर दहशत का तांडव....घटना** देर रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। लक्सर नगर के एक निजी अस्पताल में संचालक व उनकी पत्नी पर कुछ नकाबपोश युवकों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। वारदात के वक्त दंपति अपने आवासीय कक्ष में थे। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। **बदमाशों का दो घंटे तक खुला खेल....**हमलावरों ने अस्पताल परिसर में खूब उत्पात मचाया। मरीजों व स्टाफ को धमकाया गया, कुछ उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया गया। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि करीब दो घंटे तक यह सब चलता रहा और कोतवाली से इतनी निकटता के बावजूद कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। **स्थानीय लोग बने सहारा, पुलिस आई सूचना के बाद.....**घटना की सूचना जब आसपास के लोगों को लगी तो उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। करीब 2 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घायल दंपति को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। अस्पताल में लगे ब्ब्ज्ट कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में 4 से 5 बदमाशों की गतिविधियां स्पष्ट दिख रही हैं। पुलिस का दावा है कि फुटेज के आधार पर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। **कोतवाल की निष्क्रियता पर सवाल......**लोगों का कहना है कि कोतवाली के इतने पास अगर वारदात हो सकती है और कोतवाल व स्टाफ को कानों-कान खबर न हो, तो इसे लापरवाही नहीं तो क्या कहें? कोतवाल की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मेड़ काटने का विरोध करने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** महिला के साथ मारपीट और गला दबाकर हत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली की भिक्कमपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला बबली देवी ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत में गन्ने की बुआई करने के लिए गई थी। इस दौरान यहां मौजूद आरोपी बिजेंद्र और नरेंद्र ने उसके खेत की मेड़ काटकर अपने खेत में मिला ली। उसके बेटे विवेक ने इस पर एतराज किया तो आरोपियों ने उसके बेटे और उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी गला दबाकर हत्या करने का भी प्रयास किया। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सिकंदरपुर में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सिकंदरपुर भैंसवाल असलम राणा के आवास पर पहुंचने पर नेता सुबोध राकेश ने उनका स्वागत किया और जन समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोगों की जन समस्याएं सुनी।

जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं जिलाध्यक्ष मधु सिंह का भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। और पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने विधानसभा क्षेत्र से जोड़ी जन समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोगों की जन समस्याएं सुनी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आश्वासन दिया कि सभी काम और जन समस्या से जल्द



से जल्द निजात मिलेगी। इस मौके पर प्रदीप चौधरी, असलम राणा, जॉनी प्रधान, शाहबाज राणा, राहुल मुल्तानी, वकार, सोनू, अनिल प्रधान, अजय प्रधान, संजय कुमार, राजकुमार, वसीम अहमद, अशोक कुमार, लोकेश कुमार, और समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुग्गावाला में खनन माफिया बेलगाम, ओवरलोड वाहनों से सड़कें बनीं मौत का रास्ता

## प्रशासन की अनदेखी से जनता में पनप रहा रोष

**राव तौसीफ अली**

**बुग्गावाला।** जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली डबल इंजन सरकार के राज में बुग्गावाला क्षेत्र खनन माफियाओं का अड्डा बन चुका है। दिन ढलते ही बंजारेवाला गांव से दर्जनों ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां निकलती हैं, जो गोकुलवाला, तेलपुरा और गांजा गांव होते हुए भगवानपुर क्षेत्र तक बेरोक-टोक दौड़ती हैं। इन भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों को रोजाना जान का खतरा बना रहता है। कई राहगीर इनसे टकराकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ है। रात होते ही बुग्गावाला से बुढ़वाशहीद गांव की ओर जाने वाले ट्रक भी हादसों को न्योता देते हैं। इन ट्रकों की गति और ओवरलोडिंग के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि इन खनन माफियाओं और ओवरलोड वाहनों पर तुरंत प्रभाव से लगाम लगाई जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

परिवहन विभाग भी ओवरलोड डग्गामार वाहनों की अनदेखी किए हुए ग्रामीणों ने परिवहन विभाग को मौखिक शिकायत भी कराई है लेकिन विभाग के अधिकारियों की तरफ से सिर्फ आश्वासन मिलता है कार्यवाही देखने को नहीं मिलती। जो परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठते है। आखिर क्या लालच है विभाग को जो कार्यवाही नहीं करता! श्याम होते ही ओवरलोड डग्गामार खनन से भरे वाहन भारी संख्या में सड़क पर दिखाई देते हैं। वहीं बुग्गावाला स्थानीय पुलिस की नजरों के सामने से यह सब ओवरलोड डग्गामार वाहन गुजरते हैं लेकिन पुलिस भी मूकदर्शक बनी हुई हैं।

### देश में एक बार फिर कोरोना वायरस की दस्तक देने के बाद

# रुड़की में अलर्ट मोड पर आया स्वास्थ्य विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देश में एक बार फिर कोरोना वायरस ने दस्तक दी है और केरल में मिले कोरोना पॉजिटिव मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरे अलर्ट मोड पर आ गया है। इसके चलते उत्तराखंड के रुड़की में भी स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सिविल अस्पताल में एहतियातन तमाम तैयारियां की जा रही हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

सिविल अस्पताल रुड़की के सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना को लेकर सभी चिकित्सकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में मरीजों की जांच के लिए आवश्यक संसाधन जुटा लिए गए हैं। आइसोलेशन वार्ड से लेकर सैनेटाइजेशन प्रक्रिया तक हर मोर्चे पर पूरी तरह तैयारियां कर ली गई हैं। डॉ. कंसल ने कहा, ष्हमने अस्पताल में कोविड प्रोटोकॉल का



पालन सुनिश्चित करने के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया है। किसी भी संदिग्ध मरीज की तुरंत जांच और निगरानी के लिए डॉक्टरों और स्टाफ को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल अस्पताल द्वारा आम जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। मास्क का प्रयोग, सामाजिक दूरी और हाथों की स्वच्छता जैसे उपायों को फिर से अपनाने की अपील की जा रही है। सीएमएस ने नागरिकों से विशेष अनुरोध किया है कि अगर किसी को खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत या अन्य लक्षण महसूस हों तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे और अपनी जांच करवाए। फिलहाल, रुड़की में कोई कोरोना पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियात और सतर्कता के साथ स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। विभाग का उद्देश्य है कि समय रहते हालात को नियंत्रण में रखा जाए और किसी भी तरह की लापरवाही से बचा जा सके।

# एचटी लाइन पर बिजली गिरी, दो दिन से 12 गांवों की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** हाईटेंशन लाइन पर बिजली गिरने से 12 गांवों की बिजली दो दिन से गुल है। 20 हजार लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। हैंडपंप पर पानी भरने के लिए लाइन लगी है। ऊर्जा निगम के अधिकारी और कर्मचारी लाइन का फाल्ट तलाशने में जुटे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इकबालपुर के पास बेहडेकी गांव में विद्युत सब स्टेशन पर रुड़की से हाईटेंशन की विद्युत लाइन आ रही है। रविवार सुबह तेज बारिश के दौरान इस लाइन पर बिजली गिर गई थी। इससे पूरे विद्युत सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गई थी। ऊर्जा निगम के अधिकारी व कर्मचारी लाइन के फाल्ट को खोजने में लगे हुए हैं लेकिन ट्रायल करते ही ट्रिपिंग हो रही है।

दो दिन से बिजली न होने से पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। वहीं पशुओं को भी पानी पिलाने के लिए दूसरे गांवों में ले जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के बेहडेकी, मुलेवाला, देवपुर, इकबालपुर, खाताखेड़ी, पाडली धर्मपुर व माजरा आदि कई गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप होने से लगभग 20 हजार की आबादी को आपूर्ति न मिलने से परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

सोमवार को दिनभर तेज गर्मी में लोगों का बुरा हाल रहा। धर्मपुर गांव में चौधरी पदम सिंह ने जनरेटर चलवाकर पाडली और धर्मपुर के लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया। मौके पर पेयजल लेने वालों की भीड़ लगी रही। अवर अभियंता जम्मल सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास चल रहे हैं। जल्द ही आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

## बुग्गावाला पुलिस ने एक वारण्टी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** एस0एस0पी0 हरिद्वार द्वारा वांछित/ईनामी/वारण्टीयों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है।

आदेश के अनुपालन में महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा थानास्तर पर अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, उक्त क्रम मे दिनांक 27.05.25 को पुलिस टीम द्वारा वारण्टी प्रमोद पुत्र नेरतू सिंह निवासी दौडबसी थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार उम्र 40 वर्ष सम्बन्धित वाद सं0 4041/22 धारा 25 भूगतान निपटान अधि0 को पकड़ा गया। वारण्टी-प्रमोद पुत्र नेरतू सिंह को पकडने वाली पुलिस टीम में अ0उ0नि0 बलबीर सिहं का0 विकास शामिल रहे।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित बालावाली तिराहे पर सिद्ध बाबा नर्सिंग होम में डिलीवरी के बाद महिला की मौत हो गई। अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ अस्पताल छोड़कर भाग निकले। परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है।परिजनों ने बताया कि वो चंदपुरी बांगर गांव के रहने वाले हैं। 25 मई की रात वो संगीता नाम की महिला को डिलीवरी के लिए सिद्ध बाबा अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल के डॉक्टरों ने संगीता को भर्ती कर लिया। 26 मई की रात को संगीता ने ऑपरेशन से एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची को जन्म देने के बाद संगीता की तबियत बिगड़ने लगी। ज्यादा तबियत बिगड़ता देख परिजनों ने उसे रुड़की या हरिद्वार ले जाने की बात कही। लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों ने उन पर बिजनौर के अस्पताल में ले जाने का दबाव बनाया। इसके बाद वो जब बिजनौर पहुंचे तो वहां संगीता की मौत हो गई। इसके बाद मंगलवार को परिजन संगीता के शव को लेकर सिद्ध बाबा नर्सिंग होम पहुंचे और अस्पताल के डॉक्टरों पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामा होते देख अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ भाग निकला। मृतका के पति नवीन ने लक्सर कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर हंगामे की सूचना मिलते ही सीएचसी प्रभारी और पुलिस भी मौके पर पहुंची। सीएचसी प्रभारी का कहना है कि अस्पताल के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक वारण्टी गिरफ्तार

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के द्वारा उप निरीक्षक सूरत शर्मा के नेतृत्व में टीम को गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया, पुलिस टीम के द्वारा 0न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट वाद संख्या 839/24 धारा 138 मे अभियुक्त सुधीर पुत्र सुभाष निवासी अंबेडकर मार्ग ग्राम लंढौरा कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार को दबिश देकर अभियुक्त वारंटी को मसकन ग्राम लंढोरा से गिरफ्तार किया गया जिसके माननीय न्यायालय द्वारा संपत्ति कुर्क करने के आदेश भी किए गए अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## मंदिर में सो रहे ग्रामीण पर हमला

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** मंदिर में सो रहे ग्रामीण पर महिला समेत चार लोगों ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण के पांव की हड्डी टूट गई। पुलिस ने महिला सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लक्सर कोतवाली के पीतपुर गांव निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा आनंद 14 मई की रात को घर के पास मंदिर में सो रहे थे। इस दौरान आरोपी अनिल, उसके दोनों बेटे आर्यन और आयुष व उसकी पत्नी सरिता वहां आए। उन्होंने आनंद के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर की हड्डी टूट गई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आनंद को अस्पताल लाया गया। वहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसका उपचार चल रहा है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

**आवश्यक सूचना**

**मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**फिरोज खान**

(संवाददाता मंगलौर)

**मो. नं०** 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

# शहीद राजा उमराव सिंह व फति सिंह को दी श्रद्धांजलि

## स्वामी यतिश्वरानन्द, किरण चौधरी व सुबोध राकेश ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विधानसभा के मानकपुर आदमपुर में शहीद राजा उमराव सिंह जी व राजा फति सिंह जी का शहीदी दिवस मनाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिशबानंद एवं भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जानकारी के अनुसार इस दौरान और कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा शहीदों का बलिदान हम कभी नहीं भूला सकते हैं। जिन्होंने अपनी जान दे कर देश की रक्षा की ।इसलिए हमें ऐसेशाहिद बलिदानियों को हमेशा याद रखना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता सुबोध राकेश व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान कुलवीर चौधरी, कमेटी अध्यक्ष राहुल




चौधरी, ओमबीर, संदीप चौधरी, पवन तोमर, गोपाल सतबीर चौधरी आदि एवम कमेटी के समस्त सम्मानित साथीयों एवम समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# छह महीने में दिखाई देगी रालोद की ताकत: नीरपाल

## शारिक बनाए गए खेल प्रकोष्ठ हरिद्वार के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की रामपुर चुंगी पर एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड में मजबूती के साथ बढ़ रहा है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की नीतियों से प्रभावित होकर आए दिन सैकड़ों युवा राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर, मजलूमों को न्याय दिलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल जमीनी स्तर से उठा है और उत्तराखंड में बहुत बड़ी ताकत बनेगा।

खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी ने कहा कि युवा राष्ट्रीय लोकदल की बहुत बड़ी ताकत बनेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी व प्रदेश महासचिव रुपिन चौधरी ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने हमें



सौंपी है उसे कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से निभायेंगे। पार्टी को मजबूत करेंगे। इस दौरान नारसन ब्लॉक अध्यक्ष सिमोन शर्मा,रोहन चौधरी,दीपक धारीवाल,आयुष धारीवाल,भारत त्यागी,शान मलिक,अफजाल मलिक, साबिर अहमद,रोहित कालरा,नवाब अहमद, सादीराम उपस्थित रहे।

# पीएम का गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनका दूसरा दिन था। इन दो दिनों में उन्होंने वहां जमकर रोड शॉ किए और हजारों करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास भी किए। उन्होंने जहां 24 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, तो वहीं दूसरे दिन मंगलवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में पांच हजार 536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपना अंतिम रोड शो उन्होंने गांधीनगर में किया। अपने रोड शॉ के दौरान उन्होंने अपने तमाम भाषण ऑपरेशन सिंदूर को ही केंद्र में रखकर दिए। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट मे ध्वस्त कर दिया और यह सब कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। जाहिर सी बात है यह उनका विपक्ष पर कटाक्ष था और यह उरी आतंकवाद के संबंध में बोल रहे थे। जब उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में सैनिक कार्रवाई की गई थी, तब विपक्ष ने उनकी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे और इसके सबूत मांगे थे। पीएम मोदी विपक्ष पर कोई भी हमला करने से नहीं चूकते। मौका कोई भी हो, जहां भी उन्हें जरा भी कोई गुंजाइश दिखाई देती है, वह विपक्ष को भेजने में देर नहीं लगाते। जैसाकि उन्होंने गांधीनगर में कहा भी कि वह पिछले दो दिनों से गुजरात में हैं और सोमवार को वडोदरा, दादोर, भुज, अहमदाबाद में रोड शॉ करने के बाद मंगलवार की सुबह गांधीनगर आए हैं। उन्होंने अपने स्वागत से ओतप्रोत होकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि देशभक्ति का ज्वार गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम है और यह सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के कौने कौने में है। जैसी उनकी शैली है कि वह हर आज की घटना को गुजरे नेताओं के साथ जोड़ देते हैं, उन्होंने यहां भी जोड़ा और कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गई भुजाएं और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते मुजाहिदों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उनके अनुसार अगर मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता और स. वल्लभ भाई पटेल की बात मान ली होती, तो आज पीओके हमारे पास होता। उन्होंने दोहराया कि वल्लभ भाई पटेल की इच्छानुसार जब तक पाक के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना नहीं रुकनी चाहिए थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और यह सब 75 साल से चला आ रहा है। विपक्ष प्रधानमंत्री के गुजरात के दौरे को चुनाव के नजरिये से देख रहा है। वैसे देखा जाए तो विपक्ष पूरी तरह गलत भी नहीं है। यूं भी भाजपा का यह अपना एक इतिहास बन गया है कि वह हर घटना को इवेंट में बदल देता है। विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है। सिंदूर ऑपरेशन का भी पीएम मोदी राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से ज्यादा देशभक्त



नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने हाल ही में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे, ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं, पाक जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

**–असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम चीफ**

# हमारा बूढ़ा होता नेतृत्व कितना बीमार है, कैसे पता चलेगा





**श्रवण गर्ग**

**हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया।**

नागरिकों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश की औसत आयु से लगभग दो गुना उम्र के जो लोग इस समय सत्ताओं पर काबिज हैं या उसे हासिल करने के लिए संघर्षरत हैं वे किसी न किसी गंभीर या गंभीर बन जाने वाली बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। यह भी कि उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के नाम पर उपलब्ध कराए गए लौह आवरण की आड़ में वे जितने आश्वस्त नजर आते हैं हकघीकघ्त में उतने होंगे नहीं।

देश की आधी से ज्यादा आबादी 28.8 से कम आयु की है। मोदी के मंत्रिमंडल की औसत उम्र 58 साल है। यानी जिस औसत आयु के लोग मंत्रिमंडल में हैं उनकी संख्या देश की 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 15 करोड़ के करीब है। इसी तरह सांसदों की औसत आयु भी 56 साल है। हमारे 52 प्रतिशत सांसद 55 से ऊपर के हैं। यानि एक युवा देश का नेतृत्व बीमारियों के कगार पर खड़े बूढ़े होते हाथों में है। पवित्र नदियों में भी धवल अथवा भगवा वस्त्र धारण कर स्नान करने वाली इन आत्माओं के शरीरों की अंदरूनी वास्तविकता बहुत मुमकिन है उनकी सेवा में चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले चिकित्सकों को भी या तो पता नहीं हो या उन्हें बताई ही नहीं गई हो। सत्ताओं में काबिज नेताओं की औसत नींद को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। आकलन यही है कि उनकी कुल जमा नींद चार-पांच घंटों से ज्यादा की नहीं होती होगी। शीर्ष पर पहुंचने या शीष को बचाए रखने की चिंता या प्रतिस्पर्धा के कारण भी पर्याप्त नींद नहीं हो पाती है। सत्ता में सालों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नींद के घंटे भी उतने ही कम होते जाते हैं और बीमारियां बढ़ती जाती हैं।

हमारे देखते-देखते के ऐसे कई उदाहरण हैं कि शीर्ष से बिदा होते ही सारे समर्थक एक साथ गायब हो जाते हैं और सारी बीमारियां इस तरह प्रकट होने लगती हैं कि 'देश-सेवा' का ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। जिज्ञासा हो सकती है कि एक ऐसे कठिन समय जब कि देश युद्धकालीन परिस्थितियों से गुजर रहा है इस तरह के अपशकुनी विषय चर्चा में क्यों लाए जाने चाहिए? कारण यह है कि ऐसे ही नाजुक मौकों पर नेतृत्व कर रहे लोग सबसे ज्यादा तनावग्रस्त पाए जाते हैं और कुछ अलग तरह की जुबानें बोलने और अनपेक्षित व्यवहार करने लगते हैं। इस सबसे उनकी असली मानसिक और शारीरिक क्षमताओं के संकेत जनता को प्राप्त होते हैं। हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया। जनता के दबाव के चलते बाइडन द्वारा अंततः चुनावी मैदान से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस को ट्रम्प से मुकघबले के लिए सौ दिन के करीब ही मिल पाए। हैरिस की पराजय तो बाइडन ने ही तय कर दी थी। ट्रम्प ने तो सिर्फ उस पर अपनी मोहर लगाई। पूछा जा रहा है कि चार साल के शासनकाल के दौरान सत्तर साल से अधिक की उम्र के होने के बावजूद बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर की जांच क्यों नहीं की गई? बताया गया है कि राष्ट्रपति पद संभालने के सात साल पहले यानि 2014 में इस बीमारी के संबंध में खून की आखिरी बार जांच हुई थी। राष्ट्रपति-पद पर बने रहने के दौरान प्रोस्टेट को छोड़कर उनकी दूसरी सभी मेडिकल जांचें हर साल होती रहीं। बाइडन इस समय 82 साल के हैं। बताया जाता है बाइडन का कैंसर हड्डियों में फैल गया है जिसे दवाओं के जरिए नियंत्रित ही किया जा सकता है ,समाप्त नहीं।

अमेरिका के मुकाबले भारत में योग्य चिकिसक ज्यादा हो सकते हैं पर सुविधाएं तो वहां जैसी निश्चित ही नहीं होंगी। कहा जाता है किसी समय हमारे एक ताकतवर मुख्यमंत्री अपने दांतों के इलाज के लिए भी अमेरिका जाते थे। बहुत मुमकिन है हमारे यहां के सक्षम राजपुरुष और उद्योगपति अपने घुटनों और रीढ़ की हड्डियों के इलाज के लिए अभी भी अमेरिका जाते हों। देश की गरीब जनता को राजनीति के अपने सिद्ध पुरुषों की गंभीर बीमारियों का तब तक पता नहीं चल पता जब तक किसी प्रकरण में गिरफ्तारी के अदालती आदेश के कारण उन्हें अस्पतालों में भर्ती नहीं होना पड़ जाए या फिर सत्ता से बेदखली नहीं हो जाए। सोच कर बता सकते हैं कि सैंकड़ों की संख्या में उच्च पदों पर बैठे राजने. ताओं की किसी एक भी बीमारी के बारे में जनता को जानकारी है क्या? क्या ये लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं और बीमार सिर्फ जनता है?

(लेखक कई अखबारों में समूह संपादक रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

**स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, आंखों की रोशनी पर नहीं पड़ेगा असर आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधिाक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेंड विजन होती है।**

# गर्मियों में डाइजेशन की समस्या से बचें

अक्सर गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने की वजह से लोगों को तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। वहीं इस मौसम में डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। डाइजेशन सबंधी समस्याओं में डायरिया, पेट फूलना, एसिडिटी और फूड पॉइजनिंग आदि शामिल है। यह समस्याएं अधि. कतर बाहर का खाना या फिर मसालेदार खाना खाने से होती है। जिसको कई बार पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार ठंडे या मीठे ड्रिंक का बार-बार सेवन करने से भी पेट संबंधी समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको अपनाने से आप पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।



**मौसमी फल खाएं**

गर्मियों के मौसम में आप मौसमी फल जैसे- खरबूजा, तरबूजा और खीरे आदि को अपना डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह सभी फल हाइड्रेटिंग होते हैं और साथ ही खाने को पचाने में भी सहायता करते हैं।

**घर का खाना खाएं**

गर्मियों में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपको बीमार बना सकता है। इसलिए इस मौसम में घर का खाना दाल, चावल, रोटी और दही जैसे हल्के खाने को डाइट में शामिल करें। यह आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**हेल्दी ड्रिंक्स**

गर्मी के मौसम में आप छाछ, पानी, नींबू पानी और नायिरल पानी आदि पिएं। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे। वहीं अनहेल्दी ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

**न खानें बाहर का खाना**

बिरयानी, पनीर से बनी चीजें, मांसाहारी फूड और आइसक्रीम आदि का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग हो सकता है। हालांकि यह कई लोगों को खाना पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में यह आपको बीमार बना सकता है।

**पेट को रखें ठंडा**

इस मौसम में पेट को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में पुदीना, सौंफ और दही आदि को शामिल कर सकते हैं।

**स्वच्छता अपनाएं**

पेट के इंफ्केशन से बचने के लिए अपने हाथों को अच्छे से धोएं। वहीं कुछ भी खाने से पहले हाथों को धोना न भूलें।

इन छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर आप गर्मियों के मौसम में भी पेट को हेल्दी रख सकते हैं। वहीं पाचन संबंधी समस्याओं से भी बच सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कौन हैं वक्फ बोर्ड संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल



**यशोदा श्रीवास्तव**

बहुत चर्चित वक्फ संशोधन विल की चर्चा खूब है। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कहना न होगा कि वक्फ विल की चर्चा के साथ इसके चेयरमैन सांसद जगदंबिका पाल की भी उतनी ही चर्चा है। जगदंबिका पाल की चर्चा इस बात को लेकर है कि इस विल के संशोधन के लिए वे और उनकी टीम ने देश भर में भ्रमण कर सरकार का पक्ष रखा और मुस्लिमों को भरसक भरोसा दिलाया कि इससे उनका कहीं कोई नुकघ्सान नहीं है बल्कि इससे वक्फ की संपत्तियों का लाभ जो अभी अपेक्षाकृत प्रभाव शाली मुसलमानों तक सीमित है,वह अब गरीब मुसलमानों तक पहुंच सकेगा। बहर हाल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर गौर करें तो पूरी बहस चेयरमैन जगदंबिका पाल के तर्क और उदाहरण पर केंद्रित है। सुप्रीम कोर्ट में संशोधित वक्फ कानून की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। बड़ा सवाल संशोधित वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों के शामिल करने को लेकर है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक न्यासों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सदस्य बनाने की अनुमति देगी। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम में आई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर विमर्श शुरू हो गया है। इस मामले में वक्फ बिल को लेकर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का तथ्यों पर आधारित बयान सामने आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पूर्व के मामलों में आए फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है। इसलिए, उसमें गैर मुस्लिम का सदस्य बनाया जाना कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। प्रशासनिक संस्थाओं में अधिकारियों का रखने का नियम पहले से है। बतौर इस समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल का यह बयान सुर्खियों में है। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की मुस्लिम बाहुल्य डुमरियागंज संसदीय सीट से चार बार के सांसद जगदंबिका पाल के लिए इस समिति का चेयर बनना इसलिए हैरत अंग्रेज है क्योंकि वे चाहे कांग्रेस में रहे हों या भाजपा में,भारी मात्रा में उन्हें मुस्लिम वोट मिलता ही मिलता है।




2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि सपा व कांग्रेस गठबंधन से पूर्वांचल के बाहुबली रहे स्व।पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े पुत्र जो सांसद भी रहे हैं, भीष्म शंकर तिवारी उनके खिलाफ मैदान में थे। यह चुनाव यदि जगदंबिका पाल जीत पाए तो इसके पीछे मुस्लिम वोटरों का योगदान था। जगदंबिका पाल यूं तो मात्र एक सांसद का नाम है, लेकिन इनके राजनीतिक सफर पर गौर करें तो सामने आएगा कि राजनीति की विपरीत धारा को अपनी ओर मोड़ लेने में माहिर राजनीति के खिलाड़ी का नाम भी है जगदंबिका पाल! इतना ही नहीं लोकसभा के सभी 543 सदस्यों में यदि बतौर जनप्रतिनिधि के रूप में ष्सांसदष्तलाशेंगे तो शायद ही कोई दूसरा जगदंबिका पाल नजर आए। 1950 में बस्ती जिले के एक गांव में पैदा हुए जगदंबिका पाल की शिक्षा एमए एल एल बी है। शिक्षा हेतु ज्यादा तर वक्त लखनऊ में बीता। उस वक्त छात्र राजनीति के रास्ते राजनीति में प्रवेश करने का चलन था। इसी रास्ते जगदंबिका पाल भी राजनीति में कदम बढ़ाए। कांग्रेस इनके राजनीति की पाठशाला रही है। इन्हें स्व।संजय गांधी का बेहद करीबी माना जाता रहा। उस वक्त कांग्रेस में आगे बढ़ना आसान नहीं था,एक से एक टांग खींचने वाले थे। बस्ती तो ऐसे लोगों का गढ़ था। इनके राजनीतिक जीवन में बड़ी मुश्किल यह थी कि इन्हें आगे बढ़ने का आसान रास्ता कभी नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों में ही इन्हें अपनी काबिलियत को साबित करना पड़ा। भाजपा में भी इनकी राह आसान न रही। केवल परिक्रमा वादी राजनीतिज्ञ होते तो अबतक कबका बियाबान में जा चुके होते। बस्ती से लगातार कई बार के एम एल और मंत्री होते रहे जगदंबिका पाल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से सांसद का चुनाव लड़ें। इस चुनाव में करीब पौने दो लाख वोट पाकर वे हार गए थे लेकिन अगली बार यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत पक्की भी कर गए। पिछले कई चुनावों से कांग्रेस यहां 50 वोट नहीं पार कर पा रही थी। पौने दो लाख वोट हासिल कर वे कांग्रेस आलाकमान के आंख का तारा बन ही गए, डुमरियागंज के लोगों को भी लगा उन्हें कोई दमदार नेता मिल गया। 2004 के चुनाव में सिद्धार्थनगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भितरघात न किया होता तो यह चुनाव वे जीत गए होते लेकिन हार जाने वाले इस चुनाव से उन्हें बड़ी सीख मिली। उन्होंने पूरे पांच साल तक सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट पर ऐसी मेहनत की कि सभी बूथों पर अपनी टीम खड़ी कर दी। इसका परिणाम 2009 में सामने आया और वे कांग्रेस के सांसद हो गए। आज भी पार्टी संगठन के अलावा उनका स्वयं का संगठन जो उनकी सफलता का असल कारण है।

2014 के लोकसभा चुनाव आते आते उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा ज्वाइन कर ली। जगदंबिका पाल ने भाजपा उस वक्त ज्वाइन की जब इस संसदीय सीट से भाजपा के एक से एक दावेदार थे। 2014 में लाख मोदी लहर थी लेकिन यदि उनकी बूथ वार अपनी टीम न होती तो यह राह आसान नहीं था क्योंकि सारे के सारे भाजपाई पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिए थे। इतना ही नहीं विरोध का आलम यह था कि कई बार के भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे जय प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़वा कर पाल के खिलाफ खुलकर आ गए थे। कहने का मतलब यह है कि राजनीति में मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। ऐसा केवल जगदंबिका पाल जैसी राजनीतिक शख्सियत ही कर पाएगा। सबके बस की बात नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव जगदंबिका पाल के लिए काफी मुश्किल था। ब्राह्मण वोटरों के छिटकने का खतरा था बावजूद इसके जगदंबिका पाल ने इस चुनाव को भी अपने पक्ष में करके बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञों को चौंका दिया। अखिलेश यादव के सर्वे में डुमरियागंज की सीट उनके खाते की थी। राजनीति में चर्चा के केंद्र में बने रहना भी कोई जगदंबिका पाल से सीखें। वक्फ पर बनी जेपीसी का चेयर मैन बनना आसान नहीं था। लेकिन खाटी भाजपाइयों के बीच से यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिली तो यह यूं ही नहीं था। कांग्रेस की राजनीति के शुरुआती दिनों की बात है। जगदंबिका पाल एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। संजय गांधी को खबर लगी तो वे लखनऊ मेडिकल कालेज में उन्हें देखने आए। संजय गांधी यह देखकर अचंभित हुए थे कि जिस कांग्रेस के सिपाही को वे देखने आए वह घायल अवस्था में भी उनके स्वागत में मेडिकल कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किए बैठा है। याद नहीं आता कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा सांसद हो जिसे उसके क्षेत्र में इस छोर से उस छोर तक नाम से कोई जानता हो, चेहरे से पहचानना तो बड़ी बात है लेकिन जगदंबिका पाल जरूर ऐसे सांसद हैं जिसे उनके क्षेत्र डुमरियागंज का बच्चा-बच्चा चेहरे से भी और नाम से भी बखूबी पहचानता है। सिद्धार्थनगर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे दूरस्थ शहरों के लिए रेल गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने की वजह से स्थानीय लोग इन्हें अपना रेलमंत्री मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया जोकर

## बोले: नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं



■ फेक फोटो दिखाजीत का झूठा दावा किया
■ कहा: पाक भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम आबादी

**कुवैत।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। ओवैसी ने कहा पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले: पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा कि अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो काल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें। पाक को एआईएमआईएम की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए एआईएमआईएम सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान को एक बार फिर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एआईएमआईएम) की ग्रे लिस्ट में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तान को जो 2 अरब डालर का आईएमएफ लोन मिला है, वह उसका इस्तेमाल सेना और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में कर सकता है। आने से किसी देश की वित्तीय गतिविधियों पर सख्त निगरानी होती है। पाकिस्तान की हरकतें देखकर उसे दोबारा इस लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निंर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का संदेश लेकर सिंगापुर पहुंचा

**सिंगापुर।** जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं और थिक टैंकों के साथ सफल विचार-विमर्श के बाद, भारत का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल-यूनाइटेड नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा कर रहे हैं।

यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रुख को प्रस्तुत करने तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए यहां पहुंचा ताकि वैश्विक नेताओं से अपील की जा सके कि अब आतंकवादी संगठनों से निपटने का समय आ गया है। दक्षिण कोरिया के सोल से यहां पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के सरकारी अधिकारियों और प्रमुख थिक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों से पहले सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत शिल्पक अंबुले से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, सांसदों, थिक टैंकों, शिक्षाविदों, व्यापार जगत के नेताओं, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त किया जा सके।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार: शेफचोविच

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शुल्क विवादों के बावजूद यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा मामलों के आयुक्त मारोश शेफचोविच ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि यूरोपीय संघ अपने साथ अमेरिकी डील की दिशा में रचनात्मक और केंद्रित प्रयासों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। यह बयान उनकी अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर से बातचीत के बाद आया है। इससे पहले, शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के 27 सदस्ईय दल के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी तरह के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति को रविवार को फोन करके इस संबंध में अनुरोध किया था, जिसके बाद ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक न बढ़ाने पर सहमत हो गए थे।

## बलूचिस्तान में पोलियो टीम के सुरक्षा कर्मियों पर हमला

■ हमले में एक की मौत, दूसरा घायल

**नुश्की।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नुश्की में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया।

हमले के बाद नुश्की में चल रहा पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। पाकिस्तान ने सोमवार को पोलियो के खिलाफ तीसरा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया था, जिसका मकसद 5 साल से कम उम्र के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाना है। यह अभियान 2025 के अंत तक देश को पोलियो मुक्त बनाने का एक बड़ा कदम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने इस हमले को राष्ट्रीय अभियान को नुकसान पहुंचाने और लोगों में डर फैलाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, और इसे रोकने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दोषियों को जल्द पकड़ने का वादा किया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के इकलौते देश हैं जहां पोलियो अब भी एक समस्या है। आतंकवादी लंबे समय से पोलियो टीकाकरण टीमों और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों पर हमले करते रहे हैं। अप्रैल में भी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीमों की सुरक्षा पर हमले हुए थे, जिनमें कई पुलिसकर्मी शहीद हुए। पिछले साल 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के 74 मामले सामने आए, जबकि 2023 में सिर्फ 6 मामले थे। इस साल 2025 में अब तक 9 मामले दर्ज हुए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

## 10 बंधकों की रिहाई और 70 दिन युद्ध बंद रखने पर सहमत, अमेरिका ने दिया था प्रस्ताव

**गाजा।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है।

रायटर्स के मुताबिक इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से कई फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं। इससे पहले इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। हालांकि दो महीने बाद यानी 18 मार्च को इजरायल ने गाजा में कई जगह पर मिसाइल अटैक करके इसे तोड़ दिया था।

इजरायल ने गाजा पट्टी के 77 प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कारिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और



■ इससे पहले इजरायल व हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था

दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे मानवीय संकट भयावह हो गया है। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 182 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजरायल सेना के हमले में बीते एक सप्ताह में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 19 जनवरी 2025 को इजरायल ने सीजफायर तोड़ दिया था। इसके बाद से अब तक गाजा में 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजरायल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

## इजरायल ने यमन से दागी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने यमन से इजरायली क्षेत्र की दिशा में प्रक्षेपित की गई मिसाइल को रोक लिया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक लिया गया। अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) ने अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इजरायली वायु सेना ने यमन के हूती नियंत्रित हिस्सों में कई हवाई हमले किए हैं जिनमें कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान

■ पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) को सौंप दिया।

अब ईडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। यमुना प्राधिकरण (ईडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है।

अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

# पाक को नागवार गुजरा मोदी का बयान



■ कहा: जिस तरह हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इस पर पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे। पीएम मोदी ने भुज में कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है। पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जाइंट प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

## गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर ने नया रिकॉर्ड बनाया

■ वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार किया व्यापक विश्लेषण जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 3542880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 1153461 अंतर्राष्ट्रीय और 2389419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी।

## सीरिया में 130 सशस्त्र विद्रोही सेना में शामिल

**बेरूत।** सीरिया में नई सरकार के रक्षा मंत्रालय ने लगभग 130 सशस्त्र समूहों को अपने 'ढांचे' में शामिल किया है। सीरियाई अखबार अल वतन ने यहां रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कसरा के हवाले से सोमवार को कहा कि हमने नई सेना संरचना के विषय पर लगभग 130 समूहों के साथ बातचीत की और उन्हें मंत्रालय के तहत एकीकृत करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में सैन्य स्कूलों के काम को फिर से शुरू करने और आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र विद्रोही नेता सैन्य रैंक प्राप्त करने से पहले उच्च सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे। सीरिया के सशस्त्र विद्रोहियों ने गत आठ दिसम्बर 2024 को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद बशर असद ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

## मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने की धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा की है। सुशिनबाम ने सोमवार को कहा कि वह मेक्सिको को भेजे जाने वाले धन पर कर लगाने से अमेरिकी कानूनों को रोकने के लिए कड़ी पैरवी कर रही हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका में मेक्सिको के प्रवासी चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कुछ भी हो, करों का भुगतान करके अमेरिका की अर्थव्यवस्था को चालू रखते हैं। वे जो कमाते हैं उसका केवल 20 प्रतिशत धन प्रेषण में जाता है। उन्होंने दोहरे कराधान से बचने पर 1992 की संधि के बारे में कहा कि अमेरिका और मेक्सिको के बीच 1992 में एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि कोई दोहरा कराधान नहीं होना चाहिए, जो भेदभावपूर्ण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिकन सांसद और गैर-सरकारी संगठन प्रस्तावित कर की खामियों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अथक अभियान चला रहे हैं।

# विश्व के सबसे ताकतवर रॉकेट का 9वां टेस्ट आज



## इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का उपयोग होगा

**टेक्सास।** विश्व के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट भारतीय समय के अनुसार कल यानी, 28 मई को सुबह 5 बजे होगा। राकेट की लान्चिंग टैक्सास के बोका चिका से की जाएगी।

इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग होगा। इससे पहले 8वें टेस्ट में बूस्टर लैंड हो गया था, लेकिन शिप आसमान में ही ब्लास्ट हो गई थी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट में लान्च इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए बूस्टर को वापस लान्चपैड पर नहीं लाया जाएगा। इसकी गल्फ ऑफ अमेरिका में हार्ड लैंडिंग होगी। पूरा टेस्ट 1.06 घंटे का होगा। 9वें टेस्ट के लिए लान्च के लिए तैयार स्टारशिप। ऊपरी हिस्से को शिप और निचले हिस्से को सुपर हैवी बूस्टर कहा जाता है। 8वें टेस्ट में लान्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर अलग होकर वापस लान्च पैड पर आ गया था। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। पिछली दो उड़ानों में ये हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश के दौरान नष्ट हो गया था। पेलोड डिप्लायमेंट को कोशिश भी होगी। इसके अलावा मल्टीपल रीएंट्री एक्सपेरिमेंट होंगे, जिसमें अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करना भी शामिल है। स्टेज सेपरेशन के बाद, बूस्टर अपने बूस्टबैक बर्न को शुरू करने से पहले एक कंट्रोल्ड डायरेक्शन में फ्लिप करेगा।